आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक **नवप्रदेश**

प्रदेश के साथ पूरा देश...

RNI NO.CHHIN/2012/41806 रायपुर, बुधवार 22 दिसंबर 2021, कृष्ण पक्ष द्वितीया, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-304 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

# लोस के बाद रास से भी पास हुआ चुनाव सुधार संशोधन विधेयक

**नई दिल्ली (ए.)।** संसद के शीतकालीन सत्र का आज 17वां दिन है. 12 सांसदों के निलंबन मामले और लखीमपुर खीरी कांड पर विपक्ष ने आज संसद में गांधी प्रतिमा से विजय चौक तक मार्च किया.

आज संसद के शीतकालीन सत्र का 17वां दिन है. आज लोकसभा में बाल विवाह निषेध (संशोधन) बिल 2021 पेश किया गया. चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, कंपनी सचिव संशोधन बिल 2021 को स्टैंडिंग कमेटी में भेजने की सिफारिश की गई. कानून और न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा में चुनाव कानून (संशोधन) विधेयक, 2021 विचार और पारित करने के लिए पेश किया, जिसे राज्यसभा से मंजूरी मिल गई है. राज्यसभा में विनियोग (संख्यांक 5) विधेयक 2021 पर भी विचार किया जाएगा.

**चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ रखने के लिए मतदाता सूची का साफ होना जरूरी है- कानून मंत्री:** कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने चुनाव कानून (संशोधन) विधेयक, 2021 पर अपने विचार रखते हुए कहा कि इस बिल पर, पक्ष-विपक्ष और संसदीय स्थायी समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### सरकार किसी से भी सलाह लेने में यकीन नहीं रखती- कनिमोझी

लड़कियों की शादी की उम्र 18 से 21 साल करने से जुड़े बिल का विरोध करते हुए, डीएमके सांसद कनिमोझी ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक को छोड़कर, सरकार किसी से भी सलाह लेने में यकीन नहीं रखती. यह बहुत ज़रूरी है कि इस तरह के एक बेहद अहम बिल को स्टैंडिंग कमेटी या सेलेक्ट कमेटी को भेजा जाए, वे इसकी समीक्षा करें और सिविल सोसाइटी से इसपर राय ली जाए, उसके बाद बिल लाया जाए.

### यह बिल स्वतंत्रता के अधिकार के खिलाफ है- असदुद्दीन ओवैसी

लोकसभा में बाल विवाह निषेध (संशोधन) बिल 2021 का विरोध करते हुए असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि यब बिल रेट्रोग्रेसिव है. यह बिल स्वतंत्रता के अधिकार के खिलाफहै, जो आर्टिकल 19 के तहत आता है. 18 साल का व्यक्ति पीएम चुन सकता है, लिव-इन रिलेशनशिप में रह सकता है, लेकिन शादी नहीं कर सकता. उसे शादी करने का अधिकार नहीं है. आपने 18 साल की उम्र वालों के लिए क्या किया है? उन्होंने यह भी कहा कि भारत में महिला श्रम शक्ति की भागीदारी सोमालिया से भी कम है. 'बटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का 89 प्रतिशत फंड मोदी की पब्लिसिटी के लिए इस्तेमाल किया जाता है. यह बिल वापस लेना चाहिए.

## आज बेबाक

**प**नामा पेपर लीक मामले में ईडी ने ऐश्वर्या राय बच्चन से छह घंटे तक पूछताछ की तो उनकी सास सपा सांसद जया बच्चन का गुस्सा सांतवें आसमान पर चढ़ गया। उन्होने राज्यसभा में चीख-चीख कर अपनी नाराजगी जाहिर की। पानी पी-पीकर सरकार को कोसा और फिर श्राप दे दिया कि सरकार के जल्द ही बुरे दिन आएंगे। ये वहीं जया बच्चन है जिन्होने ड्रग्स मामले में हुई कार्यवाही पर भी आपत्ति उठाई थी। दरअसल केन्द्रीय एजेंसियों की कार्यवाही का विरोध करने की विपक्ष को बीमारी लग गई है। जया बच्चन कुछ ज्यादा ही इस रोग से ग्रसित दिखती है।

### सूर्योदय

उदय : 7.08 प्रात:

अस्त : 5:42 संध्या

### जनसंख्या

विश्व : 7,914,881,240

भारत : 1,400,312,020

### बाजार

सेंसेक्स : 56,319.01

निफ्टी : 16,770.85

गोल्ड : 47,450 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 61,400 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 5.01 प्रति नग

### दिवस

**राष्ट्रीय गणित दिवस**

भारत में प्रत्येक वर्ष 22 दिसम्बर को महान गणितज्ञ श्रीनिवास अयंगर रामानुजन की स्मृति में 'राष्ट्रीय गणित दिवस' मनाया जाता है। श्रीनिवास रामानुजन का जन्म 22 दिसम्बर 1887 को मद्रास से 400 किलोमीटर दूर ईरोड नगर में हुआ था। इनकी गणना आधुनिक भारत के उन व्यक्तितत्वों में की जाती है, जिन्होंने विश्व में नए ज्ञान को पाने और खोजने की पहल की। रामानुजन की आरम्भिक शिक्षा कुम्भकोणम के प्राइमरी स्कूल में हुई। वर्ष 1898 में उन्होंने टाउन हाई स्कूल में प्रवेश लिया।

# प्रयागराज में पीएम मोदी ने खेला महिला कार्ड

**प्रयागराज (ए.)।** योगी सरकार की ओर से शुरू की गई कई महिला योजनाओं की शुरुआत करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने विपक्षी दलों पर जमकर हमला बोला। समाजवादी पार्टी या फिर अखिलेश यादव का नाम लिए बिना पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि 5 साल पहले यूपी की सड़कों पर माफिया राज था। सत्ता में गुंडों की हनक हुआ करती थी। इसकी सबसे ज्यादा पीड़ा महिलाओं को झेलनी पड़ती थी। उनके लिए सड़क पर निकलना मुश्किल था। महिलाएं थाने जाती थीं तो अपराधियों और बलात्कारियों को छुड़ाने के लिए किसी का फोन आ जाता था। आज योगी जी ने इन गुंडों को सही जगह पहुंचाया है। आज यूपी में सुरक्षा भी है और अधिकार भी हैं। इस नई यूपी को अब कोई वापस अंधेरे में नहीं ढकेल सकता।

### 5 साल पहले यूपी में था माफियाराज

पीएम नरेंद्र मोदी ने प्रयागराज में कहा कि देश देख रहा है कि यूपी में काम हो रहा है। उत्तर प्रदेश के विकास की धारा अब किसी के रोकने से रुकने वाली नहीं है। राज्य की माताओं-बहनों ने ठान लिया है कि अब वे पुराना दौर वापस नहीं आने देंगी। हमारे प्रयासों के चलते देश के कई राज्यों में बेटियों की जन्मदर में वृद्धि हुई है। महिलाओं के लिए मातृत्व अवकाश को बढ़ाकर 6 महीने किया गया है। बेटियों को स्कूल न छोड़ना पड़े, इसके लिए हमने बहुत से काम किए हैं। बेटियों के लिए स्कूलों में अलग से शौचालय बनवाने से लेकर सैनिटरी पैड्स बंटवाने तक का काम किया गया है।

### सुकन्या, आयुष्मान जैसी स्कीमों के गिनाए फायदे

उन्होंने कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 2.5 करोड़ बेटियों के नाम पर खाते खोले गए हैं। स्कूल, कॉलेज के बाद करियर से लेकर हर कदम पर महिलाओं की सुविधा और स्वास्थ्य का ध्यान रखा जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना के तहत भी सबसे ज्यादा लाभ हमारी बहनों को ही हुआ है। अस्पतालों में डिलिवरी से लेकर अन्य तमाम इलाज इस स्कीम के जरिए हो रहे हैं। पहले जीवन पर संकट रहता था। अब 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा मिलने से उनकी यह चिंता दूर हो गई है। भारत के समाज में हमेशा से महिलाओं को सर्वोपरि दर्जा दिया गया है। लेकिन एक यह भी सच्चाई है कि हमारे यहां परंपरा से सदियों तक ऐसी व्यवस्था रही कि घर और घर की हर संपत्ति पर पुरुषों का ही अधिकार समझा जाने लगा। घर है तो पुरुषों के नाम। खेत है तो पुरुषों के नाम। नौकरी और दुकान पर भी पुरुषों का हक रहा। आज हमारी सरकार की योजनाएं इस असमानता को दूर कर रही है।

**पीएम आवास योजना से 25 लाख घर हुए महिलाओं के नाम:** प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम आवास योजना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। इस योजना के तहत महिलाओं के नाम पर ही घर दिए जा रहे हैं। यूपी में 30 लाख घर पीएम आवास योजना के तहत बने हैं। इनमें से 24 लाख घरों की रजिस्ट्री में महिलाओं के ही नाम हैं। हमारी सरकार ने ही देश भर के सैनिक स्कूलों को लड़कियों के लिए खोलने का काम हमारी सरकार ने ही किया है। रेप के मामलों के निपटारों के लिए हमने देश भर में 700 से ज्यादा फास्ट ट्रैक अदालतों का गठन किया है।

तीन तलाक कानून बनाने का भी किया जिक्रः मुस्लिम महिलाओं ■ शेष पृष्ठ 6 पर

# 2014 से पहले 'लिंचिंग' शब्द सुनने में भी नहीं आता था : राहुल गांधी

**नई दिल्ली (ए.)।** पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने लिंचिंग को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने पंजाब और कुछ अन्य जगहों पर भीड़ द्वारा पीट-पीटकर कथित तौर पर मार डालने की घटनाओं को लेकर केंद्र सरकार को घेरा। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि साल 2014 में नरेंद्र मोदी सरकार बनने से पहले 'लिंचिंग' शब्द सुनने में नहीं आता था। राहुल ने ट्वीट करते हुए हैशटैग 'थैंक्यू मोदी जी' लिखा। उन्होंने लिखा, ''2014 से पहले 'लिंचिंग' शब्द सुनने में भी नहीं आता था।

### पंजाब में 'लिंचिंग' पर राहुल का निशाना!

बता दें कि गत रविवार को पंजाब के कपूरथला के निजामपुर गांव में एक गुरुद्वारा में सिख धर्म के 'निशान साहिब' का अनादर करने के आरोप में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### भाजपा ने राजीव गांधी को बताया मॉब लिंचिंग का जनक

राहुल गांधी के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए, बीजेपी के आईटी सेल के प्रभारी अमित मालवीय ने कहा, 卐सिखों के खून-खराबे को सही ठहराते हुए मॉब लिंचिंग के जनक राजीव गांधी से मिलें। कांग्रेस सड़कों पर उतरी, 'खून का बदला खून से लेंगे' जैसे नारे लगाए। महिलाओं के साथ बलात्कार किया, सिख पुरुषों के गले में जलते टायर लपेटे, नालों में फेंके जले हुए शवों को कुत्तों ने खाया। मालवीय ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का एक वीडियो भी शेयर किया।

# यूट्यूब बैन : केंद्र सरकार की बड़ी कार्रवाई

### पकिस्तान की सोशल साइट्स पर कसा शिकंजा

**नई दिल्ली (ए.)।** भारत सरकार ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए अपने पडोसी देश पाकिस्तान को करारा जवाब दे दिया है। देश में ये पहला मामला है जिसमे पाकिस्तान द्वारा संचालित 20 यूट्यूब चैनल को प्रतिबंधित कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान द्वारा भारत में झूठी खबरें और अफवाह फैलाने का काम जोर शोर से था। जिसका पता चलते ही सूचना प्रसारण मंत्रालय ने यूट्यूब को लिखित रूप में आदेश दिया। जिसके बाद यूट्यूब ने पहली बार बड़ी कार्रवाई करते हुए पकिस्तान के भारत विरोधी प्रोपोगैंडा फैलाने वाले 20 यूट्यूब चैनलों पर बैन लगाया है। यही नहीं दो वेबसाइट को भी प्रतिबंधित किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक ये सभी 20 यूट्यूब चैनल पाकिस्तान से संचालित होते थे और दो वेबसाइट को भी पाकिस्तान से ही ऑपरेट किया जा रहा था।

भारत में आतंक और अविश्वास फैलाने की कोशिशों से पाकिस्तान बाज नहीं आ रहा है। जमीनी स्तर पर लगातार नाकाम हो रहा पाकिस्तान अब इंटरनेट मीडिया के माध्यम से अपनी कुत्सित कोशिशों में जुट गया है। पकिस्तान के लिए ये बुरी खबर हो सकती है। हालांकि अभी तक पकिस्तान सरकार की ओर से अभी तक कोई बयान नहीं आया है।

### बीजेपी पर खूब बरसीं जया बच्चन, बोलीं-

## किसी दिन 'लाल टोपी' ही आपको कोर्ट में घसीटेगी

**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन आज भारतीय जनता पार्टी पर जमकर बरसीं। उन्होंने भगवा पार्टी पर हमला करने के लिए पीएम मोदी की 'लाल टोपी' वाली टिप्पणी का सहारा लिया। उन्होंने कहा कि केवल 'लाल टोपी' ही उन्हें जवाबदेह ठहराएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा विपक्ष के खिलाफहमले की मुद्रा में है क्योंकि वह आगामी यूपी विधानसभा चुनावों के परिणामों से डरी हुई है। पनामा पेपर्स मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी बहू ऐश्वर्या राय बच्चन से पूछताछ के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वह अपने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## छग में शीतलहर : सीएम ने कलेक्टरों को अलाव जलाने और कंबल बांटने के दिए निर्देश

**रायपुर।** पहाड़ों पर बर्फबारी का असर मौसम के मिजाज पर दिखाई दे रहा है। छत्तीसगढ़ में कड़ाके की ठंड और ठिठुरन ने दस्तक दे दी है। राजधानी रायपुर समेत लगभग सभी जिलों में तापमान में भी गिरावट देखने को मिल रही है। कई इलाकों में ठिठुरन वाली ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में अगले 24 घंटे में शीतलहर को लेकर अलर्ट जारी है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने प्रशासन के लिए शीत दिवस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### हाईकोर्ट का दिल्ली सरकार को आदेश

## 10 दिन में गिराएं अवैध मंदिर, कहा- पुलिस करे मदद

**नई दिल्ली (ए)।** उच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली सरकार को दक्षिण दिल्ली की डिफेंस कॉलोनी में सार्वजनिक भूमि पर अवैध रूप से निर्मित मंदिर को हटाने का आदेश दिया है। न्यायालय ने सरकार को इसके लिए 10 दिन का समय दिया है। इसके साथ ही न्यायालय ने संबंधित थाना प्रभारी को मंदिर में रखी मूर्तियों को पास के मंदिर में रखने का निर्देश दिया है ताकि इन मूर्तियों की पवित्रता बनी रहे और श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान किया जाए। जस्टिस रेखा पल्ली ने अपने आदेश में कहा है कि पेश ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## भारत में बनीं 7 लाख 'Nipun' एंटी-पर्सनल माइन्स को शामिल करेगी भारतीय सेना

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना जल्द ही एंटी-पर्सनल माइन्स को अपने हथियार के जखीरे में शामिल करने जा रही है। ये जानकारी खुद भारतीय सेना के अधिकारी ने दी। अधिकारी ने बताया कि भारतीय सेना 7 लाख स्वदेशी रूप से विकसित 'निपुण' एंटी-पर्सनल माइन्स को शामिल करने जा रही है। इन माइन्स में आरडीएक्स का शक्तिशाली मिश्रण होगा। इससे भारतीय सेना को घात लगाकर बैठे दुश्मन के खिलाफ लड़ने में बड़ी सफलता मिल सकती है। दरअसल कई बार दुश्मन सेना पर हमला करने के लिए माइन्स का इस्तेमाल करते हैं। अब इससे निपटने के लिए सेना ने भी अपना तरीका ढूंढ़ निकाला है।

## किसानों का 'रेल रोको' आंदोलन, अब तक कई ट्रेनें रद्द; वापस किए जा रहे यात्रियों के पैसे

**नई दिल्ली (ए.)।** पंजाब के कुछ हिस्सों में किसानों के 'रेल रोको' आंदोलन के कारण यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं इस आंदोलन के चलते कई ट्रेनों को रद्द तक करना पड़ा है। इसके अलावा कुछ ट्रेनों के रूट भी बदले गए हैं। मुरादाबाद मंडल के सीनियर डीसीएम ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन लोगों ने टिकट बुक कराया था उनके पैसे वापस किए जा रहे हैं।

बता दें कि पंजाब के फिरोजपुर संभाग में कुछ किसान आंदोलन कर रहे हैं। इससे ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हुई है। लुधियाना से पहले जम्मू, अमृतसर की ओर जाने वाली ट्रेनों को शॉर्ट टर्मिनेट किया जा रहा है। मुरादाबाद मंडल के सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह ने कहा, हमने कल 2 ट्रेनें रद्द की थीं, आज 2 ट्रेनें रद्द की गई हैं।

तीन कृषि कानूनों की वापसी के बाद भी किसानों का प्रदर्शन जारी है। हालांकि इस बार उनकी मांगे कुछ अलग हैं। दरअसल पंजाब के किसान नौकरी, कर्जमाफी समेत कई मांगों को लेकर रेल रोको आंदोलन कर रहे हैं।

## राहुल गांधी से सीएम भूपेश की मुलाकात, प्रदेश के मुद्दों सहित मंत्रिमंडल फेरबदल पर हुई चर्चा

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिल्ली और उत्तर प्रदेश के दौरे पर हैं। मंगलवार को एआईसीसी की बैठक राखी गई थी,जिसमे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी शामिल हुए। साथ ही बैठक के बाद सीएम बघेल कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी से वनटूवन चर्चा भी की।

राहुल और भूपेश की हुई मीटिंग से प्रदेश की राजनीति फिर गरमा गई है। इस बार्फ मंत्रिमंडल में होने वाले फेरबदल पर सबकी नजर टिकी हुई है। माना जा रहा है कि सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मेंस वाले मंत्री ही मंत्री परिषद में रहेंगे शेष की छटनी कर बेहतर परफॉर्मेंस वाले विधायक को नई जिम्मेदारी दी जाएगी। राहुल गांधी और सीएम भूपेश बघेल को इस लहजे से काफी ख़ास मन जा रहा है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## भारत में ओमिक्रॉन वैरिएंट के केस 200 पार

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में आ रहे ताबड़तोड़ नए मामलों की वजह बना कोरोना का ओमिक्रॉन वैरिएंट भारत में भी तेजी से फैलता जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि देश में अब ओमिक्रॉन वैरिएंट के 200 से ज्यादा केस हो गए हैं। ताजा हेल्थ बुलेटिन के मुताबिक, इन 200 मरीजों में से 77 ठीक हो चुके हैं। ओमिक्रॉन के सबसे ज्यादा मामलों में भी महाराष्ट्र और दिल्ली सबसे आगे हैं।

**ईडी एक्शन** भगोड़ों की तिकड़ी ने देश के बैंकों को 22 हजार करोड़ रुपये का लगाया है चूना

# माल्या, नीरव और चौकसी से मोदी सरकार ने अब तक वसूले 13109 करोड़

**नई दिल्ली (ए.)।** ईडी ने विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चौकसी के मामले में अब तक कुल 13,109.17 करोड़ रुपये की वसूली की है। इसके लिए उसने जो परिसंपत्तियां जब्त की थीं, वह या तो बेच दी गई है या सरकार के पास पड़ी है।

विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चोकसी की तिकड़ी ने देश के बैंकों को कम से कम 22 हजार करोड़ रुपये का चूना लगाया है। यह और बात है कि सरकारी एजेंसियां देश में इनकी संपत्तियों की धुआंधार बिक्री कर इसमें से काफी रकम वसूल कर चुकी हैं।

### विजय माल्या से हुई रिकवरी

भारतीय स्टेट बैंक की अगुवाई वाले बैंकों के समूह का भगोड़े कारोबारी विजय माल्यापर 9,900 करोड़ रुपये बकाया था। बैंकों ने अब तक अपना काफी पैसा रिकवर कर लिया है। बैंकों का कंसोर्शियम दो बार माल्या के शेयर बेच चुका है। एक बार उसे 5,824.50 करोड़ रुपये मिले थे। दूसरी बार उसे 1,357 करोड़ रुपये मिले थे। इस तरह विजय माल्या को कर्ज देने वाले बैंकों ने अपना 81 फीसदी रिकवर कर लिया है। विजय माल्या पर बैंकों का कुल 9,900 करोड़ रुपये बकाया था। इसका मतलब है कि अब सिर्फ 19 फीसदी रकम की वसूली बाकी है।

### अब कितनी रकम बाकी

दोनों मामलों में तीनों आरोपियों को मिलाकर भारतीय बैंकों का 22,585.83 करोड़ रुपये फंसा हुआ है। इस मामले की जांच में श्वष्ठ अब तक 18,217.27 करोड़ रुपये की परिसंपत्तियां जब्त कर चुकी हैं। इन तीनों भगोडे कारोबारियों पर अब सरकार का करीब 4370 करोड़ रुपये बकाया है।

### नीरव मोदी पर बकाया

नीरव मोदी और उसके मामा मेहुल चोकसी पर 14,000 करोड़ रुपये से ज्यादा की धोखाधड़ी करने का आरोप है। यह फ्रॉड इन्होंने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) में किया। इस घोटाले के सिलसिले में भारतीय अधिकारी इन दोनों को तलाश रहे हैं। नीरव मोदी ने ब्रिटेन में शरण ली हुई है।

### मेहुल चोकसी का दावा

पीएनबी से दो अरब डॉलर फर्जीवाड़े के आरोपी हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी ने दावा किया था कि वह अपनी कंपनी गीतांजलि जेम्स के व्यापार से जुड़ी 8,000 करोड़ रुपये की बकाया राशि से अपने कर्ज चुका सकता है। हीरा कारोबारी के फर्जीवाड़े की रकम कथित रकम 6,097.63 करोड़ रुपये थी।

## गोवा में चुनाव से पहले विधायक ने छोड़ी भाजपा

**पणजी।** गोवा विधानसभा चुनाव से ऐन पहले सत्ताधारी पार्टी भाजपा को तगड़ा झटका लगा है। वास्को से भाजपा विधायक कार्लोस अल्मेडा ने मंगलवार को सत्तारूढ़ पार्टी छोड़ दी और राज्य चुनावों से पहले गोवा विधानसभा के सदस्य के रूप में इस्तीफा दे दिया। उन्होंने इसके पीछे पार्टी नेतृत्व के फैसले पर नाखुशी जताई है। मंगलवार को भाजपा विधायक कार्लोस अल्मेडा ने कहा कि वह राज्य विधानसभा के सदस्य पद से इस्तीफा दे रहे हैं क्योंकि उन्हें दाजी साल्कर के नेतृत्व में निर्वाचन क्षेत्र में काम करने के लिए कहा गया था, जिनके खिलाफ उन्होंने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया था।

## न्यूज गैलरी

### अपेक्स बैंक के अध्यक्ष ने अंडा सोसायटी का किया आकस्मिक निरीक्षण

**उतई (नव प्रदेश)।** जिला सहकारी केन्दीय बैंक दुर्ग के अध्यक्ष जवाहर वर्मा ने मंगलवार को सेवा सहकारी समिति अंडा का आकस्मिक निरीक्षण किया। श्री वर्मा ने धान बिक्री, धान उठाव सहित भुगतान की भी जानकारी ली। इस अवसर पर सेवा सहकारी समिति अंडा के अध्यक्ष योगेंद्र दिल्लीवार, हेमन्त कपूर, सुरेन्द्र शर्मा, बलराम यादव, संजय साहू सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

### पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए जिले में 6 एवं 7 जनवरी को शिवर का आयोजन

**दुर्ग (नव प्रदेश)।** दुर्ग संभाग के अंतर्गत सभी पांच जिलो में पेशन एवं वेतन निर्धारण के लिए जनवरी माह में विभिन्न तिथियों पर सुनील गजभिये संभागीय संयुक्त संचालक कोषलेखा पेंशन द्वारा प्रत्येक जिले के लिए टीम का गठन कर पेंशन प्रकरण निराकरण के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत 6 एवं 7 जनवरी को जिला दुर्ग के लिए संभागीय संयुक्त संचालक कोष लेखा पेंशन कार्यालय दुर्ग में ही पेंशन एवं वेतन निर्धारण शिविर का आयोजन किया जायेगा, जिसके प्रभारी अधिकारी देवेन्द्र चौबे उप संचालक तथा सहायक लेखाधिकारी खम्हन सिंह गोआर्य होगें। दुर्ग संभाग के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को लंबित पेंशन प्रकरण/नवीन पेंशन प्रकरण तथा वेतन निर्धारण प्रकरण अनिवार्य रूप से शिविर में प्रस्तुत करने हेतु कहा गया है।

### मतगणना कक्ष में मोबाइल प्रतिबंधित रहेगा

**दुर्ग (नव प्रदेश)।** नगरीय निकाय निर्वाचन के अंतर्गत 23 दिसंबर को मतगणना किया जाएगा। इस दौरान मतगणना कक्ष में मोबाईल लेकर प्रवेश प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी प्रत्याशी, अभिकर्ता मतगणना कक्ष में मोबाईल लेकर प्रवेश नहीं कर सकेंगे। मीडिया प्रतिनिधि केवल मीडिया सेंटर तक ही मोबाईल ले जा सकेंगे।

### सोशल मीडिया पर पत्नि के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले पर पति पर एफआईआर

**भिलाई।** पत्नी के खिलाफ सोशल मीडिया में मानहानि कारक, अश्लील और आपत्तिजनक पोस्ट डालने, न्यायालय पेशी में दवाब बनाकर धमकी देने तथा विभाग में झूठी शिकायत करने पर वाले पति के विरुद्ध पुलिस ने किया एफआईआर दर्ज। जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सोनामती सिंह और उनके पति विनय अग्रवाल के मध्य विवाद चल रहा है। विनय अग्रवाल निवासी भिलाई के विरुद्ध 498-क का मामला दर्ज हुआ था। माह फरवरी 2021 में 498-क के न्यायालय पेशी में सोनामती सिंह गयी थी तो पति विनय अग्रवाल के द्वारा दवाब बनाते हुए धमकी दिया था। विनय अग्रवाल के द्वारा फेसबुक पर सोनामती सिंह के विरुद्ध अश्लील पोस्ट डाला गया तथा सोनामती सिंह के विरुद्ध झूठी शिकायत उसके विभाग में किया गया। पुलिस में शिकायत करने पर पुलिस के द्वारा विनय अग्रवाल के विरुद्ध सोशल मीडिया में मानहानि कारक, अश्लील और आपत्तिजनक पोस्ट डालने, न्यायालय पेशी में दवाब बनाकर धमकी देने तथा विभाग में झूठी शिकायत करने पर एफआईआर दर्ज किया गया है ।

### ऑफलाइन कोचिंग के लिए प्रवेश परीक्षा 22 को

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव में 22 दिसम्बर को दोपहर 1 बजे से दोपहर 2 बजे तक बायजूस द्वारा नीट एवं जेईई के लिए ऑनलाईन, ऑफलाइन कोचिंग के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई है। सभी प्राचार्य को अपने विद्यार्थियों का नाम बायजूस की सूची में हैं, उन्हें दोपहर 12 बजे तक कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए परीक्षा केन्द्र सर्वेश्वर दास नगर पालिक निगम उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव में लाने कहा गया है।

## बाबूजी की प्रथम पुण्यतिथि

# श्रद्धांजलि सभा में राजनीति के दिव्य व्यक्तित्व मोतीलाल वोरा को याद कर नम हुई आंखें

- प्रमुख चौक-चौराहों तथा सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्था कर दी गई
- जरूरतमंदों को ठंड में राहत मिल रही
- लकड़ी और गोठान में निर्मित गोबर के लकड़ी की व्यवस्था की गई

नव प्रदेश संवाददाता

**दुर्ग।** एक साल पहले एक विराट व्यक्तित्व दिग्गज कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा ने दुनिया को अलविदा कहा था। 21 दिसंबर को उनकी पहली पुण्यतिथि थी। इस मौके पर शिवनाथ तट पर बने समाधि स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में जैसे-जैसे लोग पहुंचते रहे। बाबूजी से जुड़ी यादों का सफ र भी तेज होता गया। समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित करने वाले हर शख्स की आंखे नम थी। कार्यक्रम के दौरान राजनांदगांव के गोस्वामी बंधुओं के सुमधुर भजन गूंजते रहे। भजन के बीच भाव भरे गीतों की प्रस्तुतियां भी दी गई। इन सबके बीच राजनीति के एक दैदीप्यमान नक्षत्र को, एक दिव्य व्यक्तित्व को भावभीनी श्रध्दांजलि अर्पित करने का सिलसिला जारी रहा। समाधि स्थल पर आज श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में पूर्व विधायक प्रदीप चौबे, भजन सिंह निरंकारी, प्रतिमा चंद्राकर, दुर्ग के महापौर धीरज बाकलीवाल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेंद्र साहू, मंडी बोर्ड के अध्यक्ष अश्वनी साहू, भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव, पूर्व महापौर शंकरलाल ताम्रकार, आरएन वर्मा, भिलाई के शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, दुर्ग के कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, एसएसपी बीएन मीणा, निगम सभापति राजेश यादव, नगर निगम के सभी एमआईसी मेंबर, निगम कमिश्नर हरेश मंडावी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता शामिल थे।

समाधि स्थल पर आयोजित श्रध्दांजलि कार्यक्रम में सर्व समाज के नागरिकों ने बाबूजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले उनके पुत्र अरविंद वोरा, विधायक अरुण वोरा, भतीजे राजीव वोरा ने बाबूजी को समाधिस्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित कर बाबूजी को याद किया। दिवंगत नेता मोतीलाल वोरा की पत्नी शांति वोरा समाधिस्थल पर पहुंचकर भावुक हो गई। भाव भरे भजन सुनते हुए भी उनकी आंखें कई बार नम हुई। वोरा परिवार के सभी सदस्यों के अलावा समाधिस्थल पर पहुंचे लोग बाबूजी को याद कर भावुक होते रहे। वैसे तो राजनीति को काजल की कोठरी कहा जाता है। लेकिन मोतीलाल वोरा ने अपनी सहजता, सरलता और कर्मठता की ताकत के साथ हमेशा बेदाग छवि बनाए रखी उनके व्यक्तित्व की सादगी, पार्टी के प्रति हमेशा निष्ठावान रहने का जज्बा, समाज को एकता और सद्भाव का संदेश देने के गुणों ने उन्हें राजनीति का दैदीप्यमान नक्षत्र बना दिया। सहजता और सरलता की जीवंत प्रतिमूर्ति के रूप में बनी उनकी पहचान जीवन भर कायम रही और आज भी कायम है। वे जितने निष्ठावान कांग्रेस पार्टी के प्रति रहे, उतने ही निष्ठावान एक आम आदमी के प्रति भी रहे।

# 12 लाख 55 हजार लोगों ने लगाया पहला डोज

नव प्रदेश संवाददाता

**दुर्ग।** कोविड वैक्सीनेशन को लेकर दुर्ग जिले ने अहम लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। 12 लाख 55 हजार लोगों को पहला डोज लगा दिया गया है। यह दिये गये लक्ष्य का शत-प्रतिशत है। कोविड वैक्सीनेशन की गति उस समय चरम पर पहुंची जब जिला प्रशासन ने महाभियान के माध्यम से बड़ा कदम उठाया और एक ही दिन में लगभग 76 हजार लोगों को प्रथम डोज और द्वितीय डोज का टीका लगाया गया। इसके माध्यम से लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में बड़ा सहयोग मिला। उल्लेखनीय है कि कोविड वैक्सीनेशन को लेकर जिला प्रशासन ने सजग होकर लगातार प्रयास किये। 2 अक्टूबर के दिन जब इसकी शुरूआत हुई, उससे लेकर आज की तिथि तक हर दिन वैक्सीनेशन के कार्य की समीक्षा की गई। महाभियान के दिन तो टीम घर-घर पहुंची और लोगों को टीका लगाया। महाभियान के दिन तो मोबाइल टीम सुबह-सुबह ही लोगों के घर भी पहुंची। कामकाजी लोग इस अभियान से छूट न जाएं, यह उद्देश्य रखकर देर शाम तक वैक्सीनेशन कार्यक्रम जारी रहा। जो दिव्यांग और बुजुर्ग अपनी शारीरिक दिक्कतों की वजह से टीकाकरण केंद्र तक नहीं पहुंच पाए थे। उन्हें भी टीका महाभियान के माध्यम से लग पाया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंभीर सिंह ठाकुर ने बताया कि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के मार्गदर्शन में टीम लगातार काम करती रही और कोविड वैक्सीनेशन को लेकर रणनीति में निरंतर बदलाव लाया गया। समय के अनुरूप चीजें और बेहतर होती गईं। इसके लिए जागरूकता अभियान का भी अहम योगदान रहा। मितानिनों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित किया। लोगों को बताया गया कि कोविड के विरुद्ध सजगता बरतने के साथ ही टीकाकरण इसकी रक्षा का उपाय हो सकता है। इसका अच्छा असर हुआ और लोगों ने भी अभियान को पूरा साथ दिया।

## फिल्टर प्लांट के सामने मोतीलाल वोरा की प्रतिमा होगी स्थापित

नव प्रदेश संवाददाता

**दुर्ग।** दुर्ग नगर निगम में महापौर धीरज बाकलीवाल की अध्यक्षता में निगम आयुक्त हरेश मंडावी के मौजदगी में सभापति राजेश यादव, एमआईसी अब्दुल गनी,दीपक साहू, ऋषभ जैन, संजय कोहले, भोला महोबिया, हमीद खोखर, जयश्री जोशी, सुश्री जमुना साहू, सत्यवती वर्मा, अनूप चंदनिया, मनदीप सिंह भाटिया, शंकर ठाकुर समेत अधिकारियों के साथ इस बैठक में प्रस्तावों को रखा गया था। महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा इस बैठक में 27 प्रस्ताव पर चर्चा हुई जिसमें महत्वपूर्ण प्रस्ताव एमआईसी प्रभारी जलकार्य समिति के संजय कोहले एवं महापौर धीरज बाकलीवाल के मंशा अनुरूप श्रध्देय स्व मोती लाल वोरा द्वारा दुर्ग शहर हेतु प्रथम जलआवर्धन योजना की स्वीकृति प्रदान कर शहर की गंभीर पेयजल समस्या का निराकरण किया है अंत उनकी स्मृति में 42 एमएलडी पिॅल्टर प्लान्ट के सामने जीई रोड पर लोक निर्माण विभाग के द्वारा निर्माणधीन उद्यान में श्रध्देय श्री मोतीलाल वोरा की आदम कद प्रतिमा स्थापित करने सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। इसके अनुमानित व्यय राशि 18 लाख रुपए की स्वीकृति के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा इसके अलावा बैठक में 27 प्रस्तावों पर चर्चा की गई जिसमें अधोसंरचना मद अंतर्गत सतनामी आश्रम कल्याण समिति कसारीडीह सांस्कृतिक भवन में प्रथम तल हाल भूतल किचन शेड बाथरूम एवं प्रांगण में इंटरलॉक तथा आंतरिक गली निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई। तकिया पारा में प्रस्तावित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी मीडियम स्कूल मरम्मत संधारण कार्य को स्थानीय जनता के विरोध के कारण निरस्त किया गया। नगर निगम सीमा क्षेत्र के दुकानों जिनमें गंजपारा संजय मार्केट की 12 दुकानों, मिनी स्टेडियम बैगा पारा स्थित 21 दुकानों, नया बस स्टैंड शहीद भगत सिंह कांप्लेक्स की 14 दुकानों, न्यू मोती कंपलेक्स विस्तार की 10 दुकानों की लीज नवीनीकरण करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

## नाबालिक को भगाने वाला आरोपी हैदराबाद से गिरफ्तार

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** प्रकरण सदर के प्रार्थी द्वारा 14.08.2021 को अपनी नाबालिक पुत्री को किसी अज्ञात द्वारा भगाकर लेने जाने के संबंध में चौकी चिखली आकर रिपोर्ट दर्ज करवाया था जिस पर चौकी चिखली में अपराध दर्ज कर विवचेना में लिया गया था। पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण, अति. पुलिस अधीक्षक प्रज्ञा मेश्राम के दिये दिशा निर्देश एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव प्रवेश राय एवं निरीक्षक अलेक्जेंडर किरो थाना प्रभारी कोतवाली राजनांदगांव के मार्गदर्शन से चौकी प्रभारी चिखली शक्ति सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर अपहृता एवं अज्ञात आरोपी का लगातार पता तलाश किया जा रहा था जो कि जरिये मुखबीर से सूचना मिला की प्रकरण की अपहृता जितेन्द्र यादव नामक युवक के साथ हैदराबाद में है।

## शीतलहर को देखते हुए शहरों के सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था

नव प्रदेश संवाददाता

**दुर्ग।** प्रदेश में शीतलहर को देखते हुए जिले के सभी नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव की व्यवस्था की गई है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, महत्वपूर्ण बाजारों आदि में अलाव की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा पंचायतों में भी महत्वपूर्ण स्थलों में अलाव की व्यवस्था की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीईओ श्री अश्विनी देवांगन ने बताया कि पंचायतों में अलाव जलाने के निर्देश जारी किये गये हैं। भिलाई आयुक्त श्री प्रकाश सर्वे ने बताया कि भिलाई में 16 महत्वपूर्ण स्थलों पर अलाव जलाये गये हैं। उन्होंने बताया कि रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड जैसे महत्वपूर्ण स्थलों पर इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए दुर्ग निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने बताया कि इंदिरा मार्केट जैसे महत्वपूर्ण स्थलों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। बस स्टैंड जैसे जगहों पर जहां लोगों को कई बार रात काटनी पड़ती है, वहां भी इसका इंतजाम किया गया है। भिलाई-चरौदा निगम आयुक्त श्री कीर्तिमान राठौर ने बताया कि शीतलहर को देखते हुए निगम अमले ने इसकी विशेष व्यवस्था की है और लोगों को राहत मिल रही है। रिसाली निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने बताया कि सार्वजनिक स्थलों में अलाव की व्यवस्था से लोगों को ठंड में काफी राहत मिल रही है। निगम अमला इसकी विशेष रूप से मानिटरिंग कर रहा है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने सभी निकाय के अधिकारियों को विशेष रूप से इस संबंध में निर्देश दिये हैं कि शीतलहर को देखते हुए अलाव जैसी सुविधाओं की विशेष रूप से व्यवस्था की जाए।

# हेलमेट और सीट बेल्ट न लगाने की वजह से ज्यादा मौतें

## पूर्व न्यायाधीश सुप्रीम कोर्ट ने ली रोड सेफ्टी को लेकर जिले में प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक

नव प्रदेश संवाददाता

**दुर्ग।** यदि 40 किमी प्रति घंटा की स्पीड हो तो दुर्घटना में बचने की पूर्ण संभावना होती है। यदि यह रफ्तार दोगुनी हो तो बचने की संभावना केवल 20 फीसदी रह जाती है। यह बात सुप्रीम कोर्ट कमेटी आन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अभय मनोहर सप्रे ने रोड सेफ्टी को लेकर जिले में हुई प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक में बताई। उन्होंने छत्तीसगढ़, भारत और दुनिया के अनेक देशों में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों की जानकारी दी तथा तुलनात्मक समीक्षा भी की। उन्होंने बताया कि जिन देशों में रोड सेफ्टी को लेकर ज्यादा जागरूकता है वहां इनकी संख्या में तेजी से गिरावट आई है। वियतनाम का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि इस संबंध में बेहद गंभीर उपाय बरतने से वहां सड़क दुर्घटना में मौतों की संख्या में काफ ी गिरावट आई। उन्होंने कहा कि अधिकतम मौत तेज रफ्तार गाड़ी चलाने से होती हैं इसके बाद हेल्मेट नहीं पहनने, सीट बेल्ट आदि नहीं लगाने जैसे सुरक्षा उपाय नहीं अपनाने से मौतें होती हैं। शराब पीकर गाड़ी चलाने से भी बड़ी संख्या में मौतें होती हैं। उन्होंने कहा कि लोग अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक होकर सेफ्टी रूल्स अपनायें तो ज्यादातर मौतें घट सकती हैं। सड़क सुरक्षा से जुड़े अधिकारी इस बात में बेहद गंभीरता से काम करते हुए सेफ्टी रूल्स का अनुपालन सुनिश्चित कराएं। सख्त मानिटरिंग से स्वतः ही लोग ट्रैफि क नियमों को अपनाने लगते हैं। बैठक में सचिव यातायात टोपेश्वर वर्मा भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर शासन ने विशेष रूप से फंड दिया है। सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इंस्टीट्यूट आफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट 17 करोड़ की लागत से तेंदुआ में बनाया गया है। 5.22 करोड़ रुपए की लागत से क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय रायपुर में ई-ट्रैक बनाया गया है।


### आम सूचना

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती आसिया बानो पत्नी शेख अब्दुल निवासी मजार के पीछे केलाबाड़ी दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का कुटुम्ब न्यायालय दुर्ग एवं सिविल कोर्ट दुर्ग में शेख अब्दुल के विरूद्ध प्रकरण विचाराधीन है। मेरी पक्षकारा के पति शेख अब्दुल के नाम से मौजा निकुम प.ह.नं. 33 रा.नि.मं. अण्डा तह व जिला दुर्ग छ.ग. में खसरा नं. क्र. 1250, 1252 एवं 1255 रकबा क्रमशः 0.22 हे., 0.26 हे. एवं 0.11 हे. कुल रकबा 0.59 हे. भूमि एवं मौजा चकनार प.ह.नं. 13 रा.नि.मं गंडई तह. छुईखदान जिला राजनांदगांव छ.ग. में खसरा नं. 343 रकबा 0.21 हे. भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। जो कि मेरी पक्षकारा के पति की पैतृक संपत्ति है। उक्त संपत्ति के संबंध में भी मेरी पक्षकारा के साथ विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। उक्त संपत्ति को मेरी पक्षकारा का पति शेख अब्दुल विक्रय करना चाहता है।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है उक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में नामांतरण या विक्रय संबंधि किसी भी प्रकार का संव्यवहार न करें। यदि कोई व्यक्ति संस्था निकाय इत्यादी संपत्ति के संबंध में बिना मेरी पक्षकारा की सहमति के संव्यवहार करता है तो उसे कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा। सो सूचना जाने।

भवदीय
पुष्पा साहू
अधवक्ता दुर्ग

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202112100700198//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवा साहु पिता कौशिक कुमार साहू निवासी ग्राम बजरंग चौर बोरसी तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 246/124 रकबा 1300 वर्गफीट भूमि को विक्रेता उपासना साहू पति ईश्वर साहू निवासी ग्राम रामनगर उरला दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 30.11.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202112100700175//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका पायल साहू पिता स्व. मूलचंद साहू निवासी ग्राम सेक्टर-6 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 340/16/2 (359/23/2), 340/16/3 (359/23/3) रकबा 0.0040, 0.0040 हे. भूमि को विक्रेता नफीसा अली पति महमूद अली निवासी सेक्टर-8 भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 13.12.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202112100700197//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवेन्द्र पटेल पिता स्व. श्यामलाल पटेल निवासी ग्राम मरारपारा पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 246/124 रकबा 1540 वर्गफीट भूमि को विक्रेता उपासना साहू पति ईश्वर साहू निवासी ग्राम रामनगर उरला से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 30.11.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

पंजी. नं. 202112100400261

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका संध्या कोल्हे पति अरूण कुमार कोल्हे निवासी दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम नगपुरा प.ह.न. 02 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 2733/5 रकबा 0.016 हें/ 1743 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय अति. तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक आशीष पाटिल पिता/पति अनंत राव पाटिन निवासी स्मृति नगर जुनवानी तहसील व जिला दुर्ग द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया है कि उनके पिता के नाम पर ग्राम जुनवाली प.ह.नं. 53 तह. व जिला दुर्ग में स्थिति भूमि खसरा नं. 420/85 रकबा 0.0030 हे. भूमि एकलखाता/शामिल खाता में दर्ज है। खातेदार ए.आर.पाटिल की मृत्यु दिनांक 23/03/18 को हो जाने से उनका नाम विलोपित कर वारिसान हक में मृतक खातेदार के विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 10.01.2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### नाम-परिवर्तन

मैं लोकेश कुमार देवांगन पिता श्री गैंदलाल देवांगन उम्र 47 साल निवासी क्वा. नं. 6/एफ सड़क 38 सेक्टर-6 भिलाई नगर तह. व जिला दुर्ग छ.ग. का निवासी हूं। मेरा पुत्र आयुष देवांगन जो कि वर्तमान में श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 भिलाई नगर में अध्ययनरत है जिसके स्कूल रिकार्ड में उनका नाम आयुष देवांगन लिखा हुआ है तथा उनके आधारकार्ड में भी उनका नाम आयुष देवांगन लिखा हुआ है तथा उनका जन्मतिथि 01/10/2006 है जो कि अवयस्क है। मैं भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक-1 एवं सीसीडी बैटरी ऑपरेशन अनुभाग सीनियर ऑपरेटर ग्रेड-2 के पद पर कार्यरत हूं मेरा पर्सनल नं. 154169 है। मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा पुत्र का नाम आयुष कुमार देवांगन लिखा हुआ है जिसे कि उनके आधार एवं स्कूल रिकार्ड के अनुसार सुधार कर आयुष देवांगन कराना चाहता हूं। आयुष देवांगन एवं आयुष कुमार देवांगन दोनों ही नाम मेरे उक्त पुत्र के ही है। तथा उक्त दोनों नामों से मेरे पुत्र का नाम ही संबोधन होता है तथा एक ही व्यक्ति है। मैं अपने पुत्र आयुष का नाम अपने सर्विस रिकार्ड में सुधार कराने के लिए छ.ग. राजपत्र में प्रकाशन कराना चाहता हूं जिसके लिए यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

मुहर — शपथकर्ता, लोकेश कुमार देवांगन

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग -4 जिला दुर्ग (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र-/अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका साक्षी पिता उत्तमचंद भंडारी उम्र 45 वर्ष निवासी भाजपा कार्यालय के सामने आपापुरा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदक के नाम पर ग्राम थनौद प.ह.नं. 28 स्थित भूमि खसरा नं. 2177/2 रकबा 0.300 हे. है। आवेदक ने उक्त भूमि को विक्रेता पवन कुमार पिता भंवर लाल वगै से 2177 का टुकड़ा रकबा 0.30 हे. भूमि को क्रय किया है। जिसका नामांतरण क्रमांक 96 वर्ष 2009-10 है। भूमि के ऋणपुस्तिका में रकबा 0.300 हे. दर्ज हुआ है। किन्तु ऑनलाईन रिकार्ड में रकबा 0.110 हे. दिखा रहा है। जिसे सुधार कर रकबे में 0.300 हे. दर्ज किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 20.01.2022 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, जिला दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

रा.प्र.क्र- 202112100700197//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक भारतेन्दु कुमार गौतम पिता स्व. ललित कुमार गौतम निवासी ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 687/618 का टुकड़ा रकबा 1180 वर्गफीट भूमि को विक्रेता कीर्ति कुमार उमरे पिता स्व. प्रीत राम उमरे अन्य 5 निवासी ग्राम सुभाष नगर कसारीडीह से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 17.11.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 05.01.2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

मामला क्रमांक /..../....2020-21

### ईश्तहार

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिसरू यादव पिता/पति सुखदेव यादव निवासी नगपुरा तह. व जिला दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम नगपुरा प.ह.नं.2 में अपने नाम पर स्थिति भूमि खसरा नं. 52, 127, 1882 रकबा 0.1400, 0.1700,0.5300 हे. भूमि भूमिस्वामी हक पर दर्ज है। जिसके राजस्व रिमार्क बी-1 खतौनी पर हल्का पटवारी द्वारा त्रुटिवश अहस्तांतरणीय भूमि दर्ज दर्ज किया गया है। जिसे विलोपित किए जाने आवेदन पेश किया गया है।

अतएव जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वह दिनांक 07/1/2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है।

आज दिनांक दिनांक 15.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा कि साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
### व्यक्तिगत सूचना

मा.क्र./202108100700323/अ-06/वर्ष 2020-21

प्रति, 1. श्री फूल सिंह आ. सुधू ढीमर साकिन ग्राम चिंगरी पो. अण्डा तह. व जिला दुर्ग

विषय- क्रय/विक्रय शुदा भूमि का नामांतरण बाबत्।

आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम दुर्ग प.ह.न 24 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. (682/14, 686/14) का टुकड़ा रकबा 0.0030 हेक्टेयर भूमि को पंजीकृत विक्रय दिनांक ......... के द्वारा आवेदक के पास विक्रय किया गया है। आवेदक क्रेता कुमारी बाई आ. लक्ष्मण ढीमर के द्वारा उक्त भूमि को राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण विचाराधीन है। प्रकरण सुनवाई हेतु दिनांक 30/12/21 को नियत है। अतः आप नियत सुनवाई दिनांक को न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा पेश कर सकते है। बाद में आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 14.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

### न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)
### उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि जसमीर सिंह सैनी आ. गुरूदेव सिंह सैनी निवासी उतई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा ग्राम डुमरडीह तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 348/2, 352 रकबा 2.07, 0.04 हे. भूमि जो कि सहखातेदार गुड्डी कौर आ. गुरूदेव सिंह सैनी के नाम पर वर्तमान अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी की मृत्यु गुड्डी कौर आ. गुरूदेव सिंह सैनी को हो जाने पर फौती दर्ज कर शेष खातेदारों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में यथावत रखें जाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 31.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.12.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

# 3 माह में 72 लोगों ने ऑनलाइन मंगवाए चाकू, अधिकांश नाबालिग

**रायपुर/नवप्रदेश।** ऑनलाइन आर्डर कर धारदार व बटनदार चाकू मंगाने वालों के खिलाफ रायपुर पुलिस की विशेष तस्दीकी अभियान चलाया है, जो आगे भी जारी है। पिछले तीन माह में शहर के 7 थाना इलाकों से कुल 72 लोगों ने ऑनलाइन चाकू मंगवाए हैं। इसमें सबसे चौकाने वाली बात ये है कि ऑनलाइन साइट्स से चाकू मंगवाने वालों में ज्यादातर ही नाबालिग हैं। पुलिस ने सभी 72 लोगों को सूचित कर चाकू जमा कराए गए हैं। अवैध रूप से चाकू रखकर घूमने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की तैयारी चल रही है।

### ऑनलाइन साईट पर पुलिस की नजर

मगंलवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तारकेश्वर पटेल ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि धारदार हथियार से होने वाली घटनाओं के मद्देनजर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल सतर्क है। उन्होंने रायपुर पुलिस के सभी पुलिस राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों को कार्य योजना तैयार कर अवैध रूप से चाकू लेकर घुमने वालों व बिक्री करने वालों की पतासाजी करने की बात कही है। मंगलवार की तस्दीकी अभियान में अलग-अलग थानों द्वारा लोगों से 72 नग धारदार एवं बटनदार चाकू जमा कराया गया है।

इसके साथ ही आनलाईन शॉपिंग साईट्स जैसे एमेजॉन, फ्लिपकार्ट सहित अन्य शॉपिंग साईट से धारदार व घातक चाकू

## चेंबर ऑफ कॉमर्स लंबे समय से कर रहा है विरोध

मंगाने वालों पर नजर रखकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस का कहना है कि उनकी ये कार्यवाई इसलिए किया जा रहा है, ताकि शहर में चाकूबाजी की घटनाओं को रोका जा सके।

### तकनीकी माध्यम से तैयार की गई सूची

रायपुर पुलिस को तकनीकी माध्यमों से पता किया कि रायपुर रहवासियों ने विगत 3 महीने में ऑनलाइन साइट्स जिसमें फ्लिप्कार्ट एवं अमेजन प्रमुख है,

इस साइट्स के माध्यम से आर्डर देकर धारदार सहित बटनदार चाकू मंगाए है। इस सूचान पर पुलिस तुरंत एक्शन में आए और चाकू मंगवाने वालों की एक सूची तैयार की। सूची में नामित व्यक्तियों की रायपुर पुलिस द्वारा तस्दीकी अभियान प्रारंभ की गई है। जिसके तारतम्य में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा सूची के अनुसार अपने-अपने थाना क्षेत्रों में निवासरत लोगों को थाना बुलाकर तस्दीक की जा रहीं है। चाकू खरीदने वालों में कुछेक लोग ऐसे थे जो अपने घर के किचन या अन्य उपयोग के लिए खरीदे है, पुलिस उस बारे में लिखित में जानकारी ली जा रही हैं।

### लोगों ने तहे दिल से की सराहना

सूची के अनुसार चाकू मंगवाने वाले और उसके परिवार वालों को थाने बुलाया। उन्हें ये जानकारी दी कि उनके घर के सदस्यों ने चाकू मंगवाया। तब रायपुर पुलिस के इस अभियान की परिजनों एवं अन्य लोगों ने भूरी-भूरी प्रशंसा की है। रायपुर पुलिस द्वारा इस बात से उन्हें अवगत कराने पर परिजनों द्वारा रायपुर पुलिस को धन्यवाद दिया गया है। अवैध रूप से धारदार व घातक चाकू की खरीदी-बिक्री करने वालों के साथ ही आनलाईन शॉपिंग साईट जैसे एमेजॉन, फ्लिपकार्ट सहित अन्य शॉपिंग साईट से धारदार व घातक चाकू मंगाने वालों पर रायपुर पुलिस द्वारा लगातार नजर रखीं जा रहीं है।

### पुलिस की अपील

रायपुर पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की जाती है कि वे आनलाईन शॉपिंग साईट्स से बटनदार, धारदार व घातक चाकू/गुप्ती जैसे अन्य हथियार न मंगाये। चाकूबाजों के संबंध में जानकारी देकर रायपुर पुलिस का सहयोग करें। इस तरह शहर को ऐसी घटनाओं से मुक्त किया जा सकेगा। रायपुर पुलिस आम जनता के लिए सदैव मुस्तैद व तत्पर है। रायपुर पुलिस का धारदार हथियार के विरूद्ध चलाया जा रहा तस्दीकी अभियान लगातार जारी रहेगा।

### चेंबर लंबे समय से कर रहा है विरोध

आपको बताते चले कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने ऑनलाइन साईट्स पर धारदार व घातक चाकू सहित नशीली सामानों की बिक्री को लेकर लंबे समय से विरोध कर रहे थे। प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल 25 नवंबर को कलेक्टर सौरभ कुमार को सीएम भूपेश बघेल के नाम से बकायदा ज्ञापन भी सौंपा था।

## न्यूज गैलरी

### युवक-युवती परिचय एवं पारिवारिक मिलन समारोह 25 दिसम्बर को

**रायपुर/नवप्रदेश।** 25 दिसम्बर 2021 को छत्तीसगढ़ डडसेना कलार (सिन्हा) समाज रायपुर दक्षिण मंडल रायपुर द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का 31वाँ ÷युवक-युवती परिचय सम्मलेन एवं पारिवारिक मिलन समारोह÷ दिनांक 25.12.2021 शनिवार को सुबह 10.00 बजे से मोतीनगर, बोरियाखुर्द रायपुर में किया जा रहा है।

#### कार्यक्रम में सम्मनीय अतिथिगण

मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्यमंत्री, टी एस सिंह देव मंत्री स्वास्थ एवं परिवार कल्याण विभाग, रविन्द्र चौबे मंत्री कृषि एवं जल संसाधन, कवासी लखमा मंत्री उधोग एवं आबकारी विभाग एवं अन्य विशिष्ट अतिथिगण शामिल होंगे। युवक- युवतियों के 'संबंध नामक पत्रिका' पुस्तिका का विमोचन भी किया जावेगा।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समाज के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण जुटे हुए हैं। सम्मेलन में आसपास क्षेत्रों सहित छत्तीसगढ़ से समाज के पदाधिकारी पहुचेंगे।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

**रायपुर/नवप्रदेश।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक कलेक्टर जनदर्शन में आज जिले के विभिन्न विकासखंडों के लोगों ने अपनी समस्याएं कलेक्टर को अवगत कराते हुए उन्हें आवेदन दिया। कलेक्टर सौरभ कुमार ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनके आवेदन पर नियमानुसार निराकरण कर उन्हें लाभांवित करने निर्देशित किया। सत्यम विहार कॉलोनी रायपुरा निवासी श्रीमती चंद्रकला यदु ने जाति प्रमाण पत्र बनवाने के संबंध में, संजय नगर रहवासी क्षेत्र में स्थापित गृह उद्योग से ध्वनि एवं वायु प्रदूषण होने पर मोहल्ला वासी द्वारा उद्योग अन्यत्र स्थापित करवाने बाबत, ग्राम पिरदा के निवासी ने शासकीय नाले की भूमि के अतिक्रमण हाने पर, ग्राम मांढर की मनटोरा बाई वर्मा ने अवैध निर्माण पर प्रतिबंध लगाने, हेमंत गभने ने संतोषी चौक कुशालपुर में आंगनबाड़ी केंद्र के बगल में शौचालय निर्माण कराने बाबत इसी तरह अन्य लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर कलेक्टर से मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक मंगलवार को1 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जनदर्शन आयोजित किया जा रहा है।

### प्रदर्शनी के माध्यम से योजनाओं को लोगों तक पहुंचाना बेहतरीन कार्य

**रायपुर/नवप्रदेश।** जनसंपर्क विभाग द्वारा विकासखंड मुख्यालय तिल्दा में फोटो प्रदर्शनी को देखने आज बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। छायाचित्र प्रदर्शनी को देखने के बाद ग्राम बरतोरी के श्री केजूराम यादव, श्री मिलाप वर्मा और राम यादव ने बताया कि जनसम्पर्क विभाग में अनेक योजनाएं महतारी दुलार योजना, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण योजना, छत्तीसगढ़ मॉडल, बिजली बिल हाफ योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी मिली। इन योजनाओं से ग्रामीणों को लाभ मिल रहा है। इसी तरह ग्राम सिनेधा केढेलु, विष्णु, रामखिलावन, चोवाराम, ग्राम कोटा के मानिक राम और फेरहा राम ने बताया कि सरकार की जनहितकारी कार्य आम जनता के लिए बेहतर साबित हो रहे है। शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं जनसम्पर्क विभाग के माध्यम से शहरी क्षेत्रों से गांव तक पहुंच रही है। शासन की सभी योजनाओं की जानकारी छायाचित्र प्रदर्शनी स्थल पर प्राप्त हो रही है। साथ ही योजनाओं के संबंध में प्रकाशित पुस्तिका का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। जिसके माध्यम से योजनाओं की विस्तार से जानकारी प्राप्त हो रही है।

### जिनेविवा किण्डो को बुलाया मंत्रालय, शिखा राजपूत जाएंगी निर्वाचन

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) संवर्ग की दो महिला अधिकारियों का तबादला किया है। इसमें जिनेविवा किण्डो को अंबिकापुर संभाग आयुक्त पद से हटाकर मंत्रालय बुलाया गया है। शिखा राजपूत तिवारी को नियंत्रक माप-तौल की जिम्मेदारी से हटाकर अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी बनाया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने मंगलवार को तबादले के आदेश जारी किए। 2004 बैच की आईएएस अधिकारी जिनेविवा किण्डो को सितंबर 2020 में अंबिकापुर संभाग का आयुक्त बनाया गया था। अब उन्हें वहां से अचानक हटाकर मंत्रालय में बिना विभाग का सचिव बनाया गया है। इसका कारण अभी सामने नहीं आया है। इधर, 2008 बैच की आईएएस शिखा राजपूत तिवारी को अब अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की जिम्मेदारी दी गई है। शिखा अभी तक नियंत्रक माप-तौल की जिम्मेदारी संभाल रहीं थीं। उनके पास संचालक आर्थिक एवं सांख्यिकी की भी अतिरिक्त जिम्मेदारी थी।

# चिटफंड कंपनी का डायरेक्टर पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार

## 10 करोड़ की ठगी का मामला

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में चिटफंड मामले में लगातार कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार को फिर एक डायरेक्टर की गिरफ्तारी पश्चिम बंगाल के चैबीस परगना जिले से हुई है। राजधानी के तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी को कोलकाता से गिरफ्तार कर रायपुर लेकर आई है।

जानकारी के मुताबिक बीते कुछ दिनों पहले निवेशकों ने 10 करोड से ज्यादा ठगी वसुंधरा रियलकॉन लिमिटेड कंपनी, जो चिटफंड का काम करती थी, उसके द्वारा किये जाने की शिकायत राजधानी के तेलीबांधा थाने में की गई थी। निवेशकों का कहना था कि इस चिटफंड कंपनी ने रायपुर में वर्ष 2016 में करीब 500 लोगों से 10 करोड़ से भी जयादा का ठगी कर फरार हो गया था।

जानकारी के मुताबिक पीड़ितों द्वारा थाना तेलीबांधा में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वसुंधरा रियलकॉन लिमिटेड़ कंपनी नामक चिटफण्ड कंपनी के संचालक संदीप पारोई एवं डायरेक्टर आशीष सरकार द्वारा पीड़ितों को लुभावनी स्कीम का झांसा देकर करोड़ो रूपये जमा करा लिया गया तथा रकम की परिपक्वता तिथि पूर्ण होने पर आरोपियान पीड़ितों को रकम वापस न कर चिटफण्ड कंपनी को बंद कर फरार हो गये। जिस पर आरोपियों के विरूद्ध थाना तेलीबांधा में अपराध क्रमांक 22/2016 धारा 420, 120 भादवि. निक्षेपकों के हितों का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 10 के तहत् अपराध पंजीबद्ध किया गया। सायबर सेल एवं थाना तेलीबांधा की संयुक्त टीम को पतासाजी के दौरान आरोपी संदीप पोराई के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। पुलिस की 6 सदस्यीय टीम को कोलकाता रवाना हुई।

पुलिस जब चौबीस परगना के थाना फलता पहुंची तो आरोपी संदीप तो लापता था लेकिन उसका मामा गौरंगो राय की जानकारी प्राप्त हुई, जो अपनी पहचान छिपाकर किसी दूसरे कंपनी में काम कर रहा था। पुलिस ने 7 दिन तक उस उपर नजर रखा। पुलिस टीम ने गौरांगो को झांसे में लेकर पूछताछ करने लगी तो उसे शक हो गया और वह भागने का प्रयास करने लगा जिसे टीम के सदस्यों ने पकड़ लिया। आरोपी गौरंगो राय को गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही किया गया।

उक्त चिटफण्ड के प्रकरण में आरोपी डायरेक्टर आशीष सरकार की मृत्यु हो चुकी है। संदीप पोराई एवं शहाबुद्दीन खान फरार है। संदीप पोराई के नाम पर करोड़ो की सम्पत्ति एवं दो बड़े होटलों की जानकारी प्राप्त हुई है। संदीप पोराई के विरूद्ध कोलकाता में अलग-अलग थानों में अपराध पंजीबद्ध है। प्रकरण में शेष फरार आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तार करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे है।

पुलिस के अनुसार अब वसुंधरा रियलकॉन लिमिटेड कंपनी की संपत्ति को कुर्क किया जाएगा। जिसके बाद चिटफंड कम्पनी में निवेशकों के जमा रकम को वापस किया जायेगा। आपको बता दें कि सीएम भूपेश बघेल के निर्देश पर लगातार कार्यवाही चल रही है। इसके पहले भी कई चिटफंड कम्पनी के डायरेक्टर्स को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं प्रदेश के कई निवेशकों को रकम भी सरकार के द्वारा वापस किया गया है।

## संघों/एसोसिएशनों ने होलसेल कारीडोर के दुकानों के लिए दिया आवेदन, व्यापारियों में उत्साह

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि 20 दिसम्बर को एफएमसीजी ट्रेड एसोसियेशन रायपुर ने चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी को होलसेल कारीडोर में दुकानों के लिये आवेदन दिया, जिसमें एफ एमसीजी ट्रेड एसोसियेशन रायपुर के अध्यक्ष जनक वाधवानी, महामंत्री गौतम मंगल, कोधाध्यक्ष हरीश किंगरानी, जुगनु अग्रवाल, पीयुष, दिनेश बठेजा, अमित , धीरज जैन, दुष्यंत अग्रवाल, कमल रेलवानी, अनिल, अजय, भगत आदि उपस्थित थे। अमर पारवानी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में होलसेल कारीडोर के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री ने स्वीकृति दी है जिसके लिये व्यापारियों में काफी उत्साह देखने को मिला है और व्यापारियों ने होलसेल कारीडोर निर्माण के लिये मुख्यमंत्री महं का धन्यवाद ज्ञापित किया है। पारवानी ने बताया कि अभी तक विभिन्न एसोसियेशनों द्वारा होलसेल कारीडोर हेतु लगभग 2400 दुकानों के लिये आवेदन प्राप्त हो चुके हैं और कई संघों द्वारा दुकानों के लिये चेम्बर कार्यालय में आवेदन दिये जा रहे हैं।

## सीआईएफ के द्वारा एसइएम के माध्यम से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग का शुभारंभ

**रायपुर/नवप्रदेश।** कलिंगा विश्वविद्यालय मध्य भारत का प्रतिष्ठित उच्च शिक्षा संस्थान है। जिसे राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के द्वारा बी प्लस की मान्यता प्रदान की गयी है। यह छत्तीसगढ़ में एकमात्र निजी विश्वविद्यालय है जो एनआईआरएफ रैंकिंग 2021 में उच्चस्तरीय 151-200 विश्वविद्यालयों में एक है। कलिंगा विश्वविद्यालय के सभी पाठ्यक्रमों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, बार काउंसिल ऑफ इंडिया, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद आदि प्रतिष्ठित संस्थानों से

मान्यता प्रदान की गयी है। मूल्य आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान पर केंद्रित कलिंगा विश्वविद्यालय में नये शोध और नयी खोज को विकसित करने के लिए सर्वसुविधायुक्त सेंट्रल इंस्ट्रुमेंटेशन सुविधा (सीआईएफ) की स्थापना की गयी है। सीआईएफ के द्वारा विश्वविद्यालयीय छात्रों और शिक्षकों के साथ-साथ बाहरी शैक्षणिक संस्थानों और अनुसंधान एवं विकास संगठनों के लिए भी उच्च-स्तरीय शोध उपकरणों को उपलब्ध कराकर एक बेहतर शोध वातावरण बनाने के लिए प्रयास किया जाता है।

इसी तारतम्य में कलिंगा विश्वविद्यालय में सीआईएफविभाग के द्वारा 20 से 21 दिसंबर 2021 तक स्कैनिंग इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोप (एसईएम) के माध्यम से सार्वजनिक व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन के प्रथम चरण में कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आर.श्रीधर, महानिर्देशक डॉ. बैजू जॉन, कुलसचिव डॉ. संदीप गांधी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. आशा अंभईकर, अकादमी मामलों के अधिष्ठाता श्री राहुल मिश्रा एवं सभी संकाय के अधिष्ठाता, समस्त विभागाध्यक्ष, समस्त प्राध्यापक, प्रतिभागी और विद्यार्थियों की उपस्थिति में ज्ञान और विद्या की देवी माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना करने के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

## धान खरीदी केंद्र पहुंची मार्कफेड प्रबंध संचालक किरण कौशल

■ **बारदाने और समस्याओं की ली जानकारी**

**रायपुर/नवप्रदेश।** मार्कफेड के प्रबंध संचालक किरण कौशल ने महासमुंद जिले के धान उपार्जन केन्द्र झलप एवं सोनासिल्ली तथा मार्कफेड के संग्रहण केंद्र पिथौरा का निरीक्षण किया गया।

धान उपार्जन केंद्र झलप में उनके द्वारा धान की गुणवत्ता, बारदानों की उपलब्धता, बारदानों के समुचित अनुपात में उपयोग के संबंध में जानकारी ली गई तथा धान क्रय पश्चात खरीदी केंद्र में भंडारित बोरो की वजन का भी निरीक्षण किया। मार्कफेड की प्रबंध संचालक कौशल ने धान खरीदी केंद्र में उपस्थित कृषकों से धान विक्रय में आने वाली समस्याओं की भी जानकारी ली।

इस बारे में कृषकों द्वारा धान विक्रय में कोई परेशानी नहीं होना बताया गया। उन्होंने धान विक्रय के लिए कराए गए कृषक पंजीयन की पावती समिति से ही कृषकों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश धान खरीदी केंद्र के प्रभारी को दिए।

उन्होंने कहा कि चॉइस सेंटर से पावती प्राप्त करना एक वैकल्पिक व्यवस्था है धान उपार्जन केंद्र सोना सिल्ली के निरीक्षण कर मार्कफेड के प्रबंध संचालक द्वारा बारदाना के युक्तियुक्त समुचित अनुपात व प्रतिशत में उपयोग किए जाने के निर्देश दिए गए। सोनासिल्ली धान उपार्जन केंद्र में धान विक्रय हेतु उपस्थित कृषकों से भी उन्होंने धान विक्रय संबंधी अनुभव की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि धान खरीदी व्यवस्था से वे संतुष्ट हैं।

प्रबंध संचालक किरण कौशल द्वारा धान संग्रहण केंद्र पिथौरा का भी निरीक्षण किया गया तथा वहां रखें धान के स्टेक्स के संबंध में संग्रहण केंद्र प्रभारी से जानकारी ली। संग्रहण केंद्र प्रभारी को संग्रहण केंद्र की साफ सफाई कराने व सात दिवस के भीतर संग्रहण केंद्र को पूरी तरह से व्यवस्थित कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान मार्कफेड के सचिव संदीप गुप्ता, खाद्य अधिकारी नितीश त्रिवेदी, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं एस.के. तिग्गा, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक एन. एस. ठाकुर, सहायक नोडल अधिकारी गुणनिधि साहू, जिला विपणन अधिकारी जयदेव सोनी उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री का ट्विटर हैंडल ही सुरक्षित नहीं फिर आम लोगों के डाटा की गांरटी कौन देगा : कांग्रेस

**रायपुर/नवप्रदेश।** रायपुर सांसद सुनील सोनी के बयान पर कांग्रेस ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि सांसद सुनील सोनी को पुत्तूस्वामी बनाम भारत सरकार के मामले में माननीय न्यायालय द्वारा दी गई आदेशों को पढ़ना चाहिए। जब प्रधानमंत्री जी का ट्वीटर हैण्डल सुरक्षित नहीं है। आनलाइन ठगी करने वालो से बैंक खाता में रखी गयी राशि सुरक्षित नहीं हे। ऐसे में वोटर कार्ड और आधार कार्ड लिंक होने से आम लोगो के निजता का हनन नहीं होगा, डाटा सुरक्षित रहेगी इसकी गांरटी कौन देगा? डाटा चोरी होगी तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? देश में अब तक डाटा चोरी रोकने कानून नहीं बना है। मोदी भाजपा की सरकार में विपक्षी दलों के सुझाव और आपत्ति खारीज करना एवं माननीय न्यायलय के आदेशों की अवहेलना करना नियति बन गई है। तीन काले कृषि कानून की तरह ही एक बार और मोदी सरकार ने संसद में आंकड़ों के दादागिरी दिखाकर वोटर आईडी कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने वाला चुनाव संशोधन विधेयक 2021 को जोर जबरदस्ती पास कराने का काम किया है। जबकि विपक्षी दल चुनाव संशोधन विधायक को संसद की स्थाई समिति के पास भेजने और आधार मामले में पुत्तूस्वामी बनाम भारत सरकार के मामले में माननीय उच्चतम न्यायलय के आदेश का पालन करने की मांग कर रहे थे।

**उपचार** | **फेफड़े के कैंसर के बढ़ रहे रोगी, विशेषज्ञों और दवाइयों की आवश्यकता-प्रो. बेहरा**

# टीबी की रोकथाम के लिए रोगी के परिजनों की जांच भी आवश्यक

■ **संपर्कों से 10 से 60 गुना तक अधिक खतरा, समय पर जांच आवश्यक : प्रो. सरीन**

**रायपुर/नवप्रदेश।** टीबी और फेफ ड़े संबंधी अन्य रोगों के उपचार और प्रबंधन पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में एक दिवसीय सिम्पोजियम आयोजित की गई। इस अवसर पर टीबी के प्रभावी रोकथाम के लिए रोगी के परिजनों की भी निरंतर जांच की आवश्यकता बताई गई। विशेषज्ञों का कहना था कि रोगी के आसपास रहने वाले

लोगों को टीबी होने का खतरा 10 से 60 गुना तक बढ़ जाता है। ऐसे में उन्हें निरंतर जांच करवाने की आवश्यकता होती है। इसके साथ ही फेफड़े के कैंसर के बढ़ते रोगियों पर भी चिंता व्यक्त करते हुए विशेषज्ञों और दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया।

सिम्पोजियम का उद्घाटन करते हुए निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने कहा कि एम्स में टीबी और पोस्ट कोविड समस्याओं से पीड़ित रोगियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। ऐसे में एम्स द्वारा अत्याधुनिक मशीनों की मदद से इन रोगियों को त्वरित उपचार प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है इसमें टीबी और फेफड़े संबंधी अन्य रोग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि एम्स 2025 तक टीबी के उन्मूलन के सरकार के प्रयासों में हर संभव सहयोग देगा।

पद्म पुरस्कार से सम्मानित और इंडियन चेस्ट सोसाइटी के अध्यक्ष प्रो. दिगंबर बेहरा का कहना था कि फेफड़े संबंधी कैंसर के रोगी निरंतर बढ़ रहे हैं ऐसे में इन रोगियों को तुरंत चिन्हित कर उपचार प्रदान करने की आवश्यकता है। इसमें प्रशिक्षित चिकित्सकों और नर्सिंग स्टॉफ एक बड़ी चुनौती है। इसके साथ ही महंगी दवाइयां और उपचार की सुविधा सभी जगह उपलब्ध न हो पाना भी समस्या है। इसके लिए कैंसर रोगियों को और अधिक सुविधाएं प्रदान करने की आवश्यकता है।

राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के सलाहकार प्रो. रोहित सरन का कहना था कि टीबी रोगी के सीधे संपर्क में आने वालों को टीबी का खतरा अधिक होता है। इसके लिए सामाजिक स्तर पर प्रयास कर टीबी रोगियों के निकटवर्ती संपर्कों की भी निरंतर जांच करनी आवश्यक होती है।

उन्होंने टीबी के उन्मूलन के लिए अधिक अनुसंधान और नवोन्मेष पर जोर दिया। सिम्पोजियम को प्रो. पी.के पात्रा, डॉ. सजल डे, डॉ. अजॉय कुमार बेहरा, डॉ. रंगनाथ गंगा, डॉ. दिबाकर साहू और डॉ. विजय हड्डा ने भी संबोधित किया।

# संपादकीय

## विपक्ष के निशाने पर केन्द्रीय एजेंसियां

जब भी सीबीआई, ईडी या नार्कोटिक्स विभाग कहीं कोई कार्यवाही करता है तो विपक्ष इस कार्यवाही का यह कहकर विरोध करने लगता है कि यह बदले की कार्यवाही है जबकि इस तरह की कार्यवाही पूर्व नियोजित नहीं होती। ये सभी केन्द्रीय जांच एजेंसियां स्वतंत्र रूप से काम करती है और लंबी जांच पड़ताल के बाद जब पुख्ता सबूत उनके पास होते है तभी वे छापा मार कार्यवाही करती है। देश में कहीं न कहीं चुनाव चलते ही रहते है, ऐसे में यदि चुनावी राज्यों में कोई केन्द्रीय एजेंसी कार्यवाही करती है तो विपक्ष उसे राजनीतिक बदले की कार्यवाही बताने लगता है। उत्तर प्रदेश में आयकर विभाग ने कुछ सपा नेताओं के यहां छापे मारे तो समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और उत्तर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इसे लेकर राजनीति शुरू कर दी। उनका कहना है कि केन्द्र सरकार राजनीतिक बदले की कार्यवाही कर रहा है। भाजपा को समाजवादी पार्टी के बढ़ते प्रभाव से डर लग रहा है इसलिए आयकर विभाग को छापा मारने के लिए भेजा गया है। उन्होने आशंका जताई है कि अभी तो सीबीआई भी लगाई जाएगी लेकिन समाजवादी पार्टी इस तरह की कार्यवाही से डरने वाली नहीं है। इधर मुंबई में पनामा पेपर लीक मामले में ईडी ने ऐश्वर्या राय बच्चन से छह घंटे तक पूछताछ की तो उनकी सास जया बच्चन गुस्से बिखर पड़ी। समाजवादी पार्टी की सांसद जया बच्चन ने इस मुद्दे को लेकर राज्यसभा में खूब हंगामा किया। उन्होने भी यही आरोप लगाया कि सरकार समाजवादी पार्टी के लोगों के खिलाफ राजनीतिक विद्वेश की भावना से इस तरह की कार्यवाही कर रही है। उन्होने तो गुस्से में आकर सरकार को यह श्राप भी दे दिया कि बहुत जल्द उसके बुरे दिन आएंगे। गौरजलब है कि जब मुंबई में बहुचर्चित सुशांत-रिया केस के समय नार्कोटिक्स ब्यूरो ने ड्रग्स माफिया के खिलाफ कार्यवाही की थी और ड्रग्स माफिया के बॉलीवुड से कनेक्शन का खुलासा हुआ था तो उस समय भी सपा सांसद जया बच्चन ने ड्रग्स को लेकर की जाने वाली कार्यवाही का खुलकर विरोध किया था और यह आरोप लगाया था कि बॉलीवुड को बदनाम करने की साजिश की जा रही है। इसके पूर्व महाराष्ट्र सरकार ने भी पालघर मामले को लेकर सीबीआई जांच का विरोध किया था। बंगाल में भी केन्द्रीय एजेंसियों की कार्यवाही का वहां की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी विरोध करती रही है। जहां-जहां विपक्षी पार्टियों की सरकार है उन राज्यों में यदि कोई केन्द्रीय एजेंसी कार्यवाही करती है तो वह विपक्ष के निशाने पर आ जाती है। इन केन्द्रीय एजेंसियों को वहां की राज्य सरकारें जांच में सहयोग भी नहीं करती। ऐसी स्थिति में इनका काम करना और किसी नतीजे पर पहुंच पाना मुश्किल हो जाता है।

# विचार

## भारत-पाक : दो मुस्लिम सम्मेलन

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

पिछले सप्ताह एक ही समय में दो सम्मेलन हुए। एक भारत में और दूसरा पाकिस्तान में ! दोनों सम्मेलन मुस्लिम देशों के थे। पाकिस्तान में जो सम्मेलन हुआ, उसमें दुनिया के 57 देशों के विदेश मंत्रियों और प्रतिनिधियों के अलावा अफगानिस्तान, रुस, अमेरिका, चीन और यूरोपीय संघ के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया जबकि भारत में होनेवाले सम्मेलन में मध्य एशिया के पांचों मुस्लिम गणतंत्रों के विदेश मंत्रियों ने भाग लिया। इन विदेश मंत्रियों ने इस्लामाबाद जाने की बजाय नई दिल्ली जाना ज्यादा पसंद किया। यों भी इस्लामाबाद के सम्मेलन में इस्लामी देशों के एक-तिहाई विदेश मंत्री पहुंचे। पाकिस्तानी सम्मेलन का केंद्रीय विषय सिर्फ अफगानिस्तान था जबकि भारतीय सम्मेलन में अफगानिस्तान पर पूरा ध्यान दिया गया लेकिन उक्त पांचों गणतंत्रों– कजाकिस्तान, उजबेकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, ताजिकिस्तान और किरगिजिस्तान के साथ भारत के व्यापारिक, आर्थिक, सामरिक और सांस्कृतिक सहकार के मुद्दों पर भी संवाद हुआ। इस तरह का यह तीसरा संवाद है। इन पांचों विदेश मंत्रियों के पाकिस्तान न जाने को भारत की जीत मानना तर्कसंगत नहीं है, क्योंकि इस सम्मेलन की तारीखें पहले से तय हो चुकी थीं। इस समय तो खेद की बात यह है कि इस्लामाबाद के सम्मेलन में भारत को नहीं बुलाया गया जबकि चीन, अमेरिका और रूस आदि को भी बुलाया गया था। याद रहे कि भारत ने जब अफगानिस्तान पर पड़ौसी देशों के सुरक्षा सलाहकारों का सम्मेलन बुलाया था तो उसमें पाकिस्तान और चीन, दोनों निमंत्रित थे लेकिन दोनों ने उसका बहिष्कार किया। अफगान-संकट के इस मौके पर मैं पाकिस्तान से थोड़ी दरियादिली की उम्मीद करता हूं। पाकिस्तान भी भारत की तरह कह रहा है कि अफगानिस्तान में सर्वसमावेशी सरकार बननी चाहिए, उसे आतंकवाद का अड्डा नहीं बनने देना है और दो-ढाई करोड़ नंगे-भूखे लोगों की प्राण-रक्षा करना है। भारत ने 50 हजार टन अनाज और डेढ़ टन दवाइयां काबुल भिजवा दी हैं। उसने यह खिदमत करते वक्त हिंदू-मुसलमान के भेद को आड़े नहीं आने दिया। पाकिस्तान चाहे तो इस अफगान-संकट के मौके पर भारत-पाक संबंधों को सहज बनाने का रास्ता निकाल सकता है। 57 देशों के इस अफगान-सम्मेलन में भी इमरान खान कश्मीर का राग अलापने से नहीं चूके लेकिन क्या वे यह नहीं समझते कि कश्मीर को भारत-पाक खाई बनाने की बजाय भारत-पाक सेतु बनाना दोनों देशों के लिए ज्यादा फायदेमंद है? यदि भारत-पाक संबंध सहज हो जाएं तो अफगान-संकट के तत्काल हल में तो मदद मिलेगी ही, मध्य एशिया और दक्षिण एशिया के राष्ट्रों के बीच अपूर्व सहयोग का एतिहासिक दौर भी शुरु हो जाएगा।

# ओमिक्रॉन का बढ़ता खतरा

राजेश माहेश्वरी

*मेडिकल साइंस की विश्व विख्यात पत्रिका 'नेचर' में एक शोधात्मक आकलन छपा है कि जिन्होंने टीके की दोनों खुराकें ले ली हैं, उनमें टीके का असर सिर्फ19 फीसदी है। यदि 'बूस्टर डोज' ली है, तो असर करीब 53 फीसदी होगा। लिहाजा अमरीका, ब्रिटेन के साथ-साथ भारत के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने भी निष्कर्ष देना शुरू कर दिया है कि कमोबेश 50 साल की उम्र से ऊपरवालों और स्वास्थ्यकर्मियों को 'बूस्टर डोज' देने की शुरुआत यथाशीघ्र करनी चाहिए। बाल-टीकाकरण भी किया जाए। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक दोनों लहरों में करीब पौने पांच लाख लोगों को खोया भी है। फिलहाल देश में जो भी ओमिक्रॉन के मामले सामने आये हैं, वे अधिकांश विदेशों से आये लोगों में ही पाये गये हैं। सरकारें सुनिश्चित करें कि वे संक्रमण विस्तारक न बन पायें। हमारी चिंता सर्दी के मौसम में इसके विस्तार की अनुकूलता को लेकर भी होनी चाहिए क्योंकि इस मौसम में वायरस का फैलना स्वाभाविक है। हमें बचाव के उन तीन उपायों को ही अपनाना होगा, जिनका हमने पिछली दो लहरों के दौरान पालन किया।*

देश में ओमिक्रॉन संक्रमितों का आंकड़ा बढ़त की ओर है। ओमिक्रॉन विश्व के 89 देशों में फैल चुका है। कुछ रपट ऐसी आई हैं कि यह संक्रमण 97 देशों तक फैल चुका है। यह वायरस 1.5 से 3 दिन के भीतर दोगुना हो रहा है। सबसे अधिक संक्रमण अमरीका और ब्रिटेन में फैल रहा है। अलबत्ता अधिकतर यूरोपीय देश इसकी जकड़ में आ चुके हैं। इस बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि ओमिक्रॉन के खतरे को देखते हुए फिलहाल किसी भी तरह के सेलिब्रेशन को रद्द किया जा सकता है। जेनेवा में विश्व स्वास्थ्य संगठन के चीफ डॉक्टर ट्रेड्रोस अधानोम ने कहा, 'एक इवेंट का कैंसिल होना जिंदगी के कैंसिल होने से अच्छा है। यह अच्छा है कि अभी सेलिब्रेशन को कैंसिल करें और बाद में सेलिब्रेट...। डब्ल्यूएचओ चीफ के वक्तव्य से ही स्थिति की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

भारत में अब तक ओमिक्रॉन के 200 मरीज मिल चुके हैं। इसमें ज्यादातर मरीज महाराष्ट्र और दिल्ली से हैं। तेंलगाना और कर्नाटक में भी ओमिक्रॉन के मरीज मिले हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वायरस के इस वेरिएंट को 'चिंताजनक' बताया है। विशेषज्ञों के अनुसार बेशक हम बड़ी लहर की तरफ बढ़ रहे हैं। यह मार्च-अप्रैल, 2022 तक 'पीक' की स्थिति में होगी। नीति आयोग के सदस्य एवं कोरोना पर राष्ट्रीय कार्यबल के अध्यक्ष डॉ. वी.के.पॉल की गणना ने डर और चिंता के भाव पैदा कर दिए हैं। उनके अनुसार, ब्रिटेन के संक्रमित मामलों को भारतीय आबादी के अनुपात में देखें, तो हमारे देश में 14-15 लाख केस रोजाना सामने आ सकते हैं। ऐसी स्थिति में हमारा स्वास्थ्य और चिकित्सा ढांचा ढह सकता है। भारत में 12-13 करोड़ लोग अब भी ऐसे हैं, जिन्होंने किसी भी टीके की एक भी खुराक नहीं ली है। यानी उनकी इम्युनिटी की सुरक्षा संकट में हो सकती है।

अमरीका में औसतन 1.23 लाख संक्रमित केस हररोज दर्ज किए जा रहे हैं। अस्पतालों में भर्ती होने की दर भी करीब 45 फीसदी बढ़ गई है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने मौत के अंजाम भुगतने की चेतावनी जारी की है। जो लॉबी टीकाकरण का विरोध करती रही है, उसे भी खामियाजा झेलने को आगाह किया गया है। अमरीका में कोरोना महामारी से अभी तक 7.5 लाख से अधिक लोगों की मृत्यु हो चुकी है। ब्रिटेन में कार्यरत डॉ. राजेय नारायण के मुताबिक, रोजाना एक लाख से ज्यादा केस दर्ज किए जा रहे हैं। यह स्थिति तब है, जबकि करीब 85 फीसदी आबादी को टीके की दोनों खुराक दी जा चुकी हैं और करीब 55 फीसदी आबादी में 'बूस्टर डोज' भी लग चुकी है। उसके बावजूद अस्पतालों में भीड़ बढ़ने लगी है।

ब्रिटेन के साथ-साथ नीदरलैंड्स में भी 'लॉकडाउन' कभी भी घोषित किया जा सकता है। हालांकि इन मामलों में डेल्टा और ओमिक्रॉन स्वरूप के कारण संक्रमण देखा जा रहा है। भारत भी उसी लकीर पर आगे बढ़ता जा रहा है। प्रख्यात चिकित्सकों ने भी विश्लेषण करना शुरू कर दिया है कि भारत में ओमिक्रॉन की बड़ी लहर आना निश्चित है। अब कोई उसे रोक नहीं सकता, क्योंकि नया स्वरूप देश के दर्जन भर राज्यों और संघशासित क्षेत्रों में फैल चुका है।

विशेषज्ञों के अनुसार ज्यादा तेज संक्रमण के आसार सामुदायिक संक्रमण वाले इलाकों में हैं। फोर्टिस अस्पताल के निदेशक डॉ. राहुल भार्गव ने कुछ ऐसे मरीजों को देखा है, जिनके फेफड़ों में निमोनिया और संक्रमण था। ऑक्सीजन का स्तर भी 70-75 तक लुढ़क गया था। ये लक्षण डेल्टा स्वरूप से मिलते-जुलते हैं। एक चिकित्सा संस्थान के कुलपति डॉ. एस.के. सरीन का आकलन है कि फिलहाल हमारे सामने वे केस हैं, जिनकी जीनोम सीक्वेंसिंग की रपट आ चुकी है। अंततः जो आंकड़ा सामने आएगा, उससे नए वेरिएंट के व्यापक संक्रमण की हकीकत खुलेगी।

आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर पद्मश्री मणीन्द्र अग्रवाल का. प्रो. अग्रवाल के मुताबिक, नए कोरोना वैरिएंट से बहुत डरने के बजाय सावधान रहने की ज्यादा जरूरत है। उनका मानना है कि ओमिक्रॉन बेहद संक्रामक है। इसी वजह से यह महामारी की तीसरी लहर ला सकता है, लेकिन इसके पहले के मुकाबले कम खतरनाक रहने की उम्मीद है। प्रो. अग्रवाल ने कहा कि मजबूत इम्यूनिटी वाले लोगों पर कोरोना के ओमिक्रॉन वैरिएंट का असर ज्यादा नहीं होगा। स्वस्थ्य शरीर का ने नेचुरल इम्यून सिस्टम इससे लड़ने में सक्षम है। प्रो. अग्रवाल का मानना है कि देश की 80 फीसद आबादी का नेचुरल इम्युनिटी सिस्टम मजबूत हो चुका है। ऐसे में कोरोना के नए वैरिएंट का कुछ खास असर भारत पर देखने को नहीं मिलेगा। लेकिन, इतना जरूर है कि कोरोना की एक लहर भारत में भी आएगी।

दुनियाभर में कोरोना वायरस के अभी तक दुनियाभर में 27 करोड़ 52 लाख 90 हजार 161 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। जिसमें से अभी तक कुल 53 लाख 73 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। फिलहाल 24 करोड़ 69 लाख 95 हजार से ज्यादा की रिकवरी भी हुई है। वहीं दुनियाभर में 2 करोड़ 29 लाख 20 हजार से ज्यादा एक्टिव मामले हैं। अब नये वेरिएंट ओमिक्रॉन ने दुनिया को भयभीत कर रखा है। अमेरिका में इस महीने कोरोना के मामलों में पचास फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। जिसको देखते हुए पाबंदियों को सख्त किया गया है, अब वाशिंगटन ने इनडोर मास्क लगाना अनिवार्य कर दिया गया है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा कि ओमिक्रॉन को लेकर वह जरूरत पड़ने पर सख्त कदम उठाएंगे। वहीं नीदरलैंड में चैथा लॉकडाउन शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा यूरोपीय राष्ट्र क्रिसमस के कार्यक्रमों पर पाबंदी लगाने की तैयारी में हैं।

मेडिकल साइंस की विश्व विख्यात पत्रिका 'नेचर' में एक शोधात्मक आकलन छपा है कि जिन्होंने टीके की दोनों खुराकें ले ली हैं, उनमें टीके का असर सिर्फ19 फीसदी है। यदि 'बूस्टर डोज' ली है, तो असर करीब 53 फीसदी होगा। लिहाजा अमरीका, ब्रिटेन के साथ-साथ भारत के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने भी निष्कर्ष देना शुरू कर दिया है कि कमोबेश 50 साल की उम्र से ऊपरवालों और स्वास्थ्यकर्मियों को 'बूस्टर डोज' देने की शुरुआत यथाशीघ्र करनी चाहिए। बाल-टीकाकरण भी किया जाए। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक दोनों लहरों में करीब पौने पांच लाख लोगों को खोया भी है। फिलहाल देश में जो भी ओमिक्रॉन के मामले सामने आये हैं, वे अधिकांश विदेशों से आये लोगों में ही पाये गये हैं। सरकारें सुनिश्चित करें कि वे संक्रमण विस्तारक न बन पायें।

# "कानून" अपना काम कर रहा है? परन्तु "सरकार" अपना काम कब करेगीं?

राजीव खण्डेलवाल

**मंत्री को बर्खास्त करना या उसके द्वारा इस्तीफा देना तो दूर बल्कि "एक तो करेला दूजे नीम चढ़ा" वाली स्थिति तब हो गई, जब केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री, आरोपी ने जिस तरह का व्यवहार पत्रकारों से किया, वे अपना वही पुराने अंदाज में दिखने लगे, जिसके लिये वे न केवल जाने जाते है। बल्कि खुद सार्वजनिक रूप से उक्त घटना के पूर्व दावा भी कर चुके है। सार्वजनिक जीवन जीने वाले व्यक्ति का लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ कहलाने वाले मीडिया पर ऐसे दुर्जन प्रहार का संज्ञान आखिर कौंन लेगा? मीडिया (संबंधित पत्रकार) ने भी अभी तक इस संबंध में कोई एफआईआर दर्ज नहीं कराई है। क्या उनके भी हाथ पाव फूल गये? मंत्री महोदय ने जब गलत व्यवहार किया है और यदि उन्होंने कानून का उल्लघंन नहीं किया है।**

लखीमपुर खीरी के तिकुनिया गांव में घटित वीभत्स, नरसंहार हत्याकांड में 8 लोग मारे गये। इनमें से 4 किसान आरोपी आशीष मिश्रा जो कि केन्द्रीय गृहराज्य मंत्री अजय मिश्रा उर्फटेनी के सुपुत्र की एक्सयूवी गाड़ी से कुचलकर मारे गये। 1 पत्रकार और 3 राजनैतिक कार्यकर्ताओं (भाजपा) की भीड़ ने हत्या कर दी। उक्त वीभत्स कांड की जांच हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्त एसआईटी पर माननीय उच्चतम न्यायालय ने हस्तक्षेप करते हुये असाधारण कदम उठाते हुये राज्य सरकार द्वारा नियुक्त एक सदस्यीय न्यायिक आयोग पर भरोसा न करते हुये एक सेवानिवृत्त (रिटायर्ड) हाईकोर्ट जज जस्टिस राकेश जैन की नियुक्ति की। साथ ही एसआईटी के जांच अधिकारियों की सूची मंगाकर तीन इंसपेक्टर श्रेणी के अधिकारियों की जगह यूपी के न रहने वाले यूपी केडर के तीन आई.पी.एस. अधिकारियों को एसआईटी में नियुक्त करने के निर्देश दिये। वरना उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्त एस आई की हैसियत तो यह थी कि-

वही कातिल, वही शाहिद, वही मुंसिफ़ ठहरे, अक़रबा मेरे करें क़त्ल का दावा किस पर। इस तरह की जब भी कोई घटनाएं घटित होती है तो,पीड़ित जनता व नेताओं द्वारा न्यायिक जांच की ही मांग की जाती है। क्योंकि वही एकमात्र सही व निष्पक्ष जांच मानी जाती है, जिसमें जनता को भी भागीदारी करने का मौका मिलता है। ऐसी स्थिति में उच्चतम न्यायालय द्वारा एक स्थायी न्यायिक जांच पर भरोसा न करने का मतलब साफहै कि उच्चतम न्यायालय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नियुक्त जज पर भरोसा नहीं कर रहे है। न्यायिक जांच पर प्रश्न नहीं नहीं है। इससे उत्तर प्रदेश की न्यायिक स्थिति पर यह गंभीर प्रश्न हैं? उच्चतम न्यायालय के निर्देश में हो रही जांच में एसआईटी ने अंततः रिपोर्ट दी। इस रिपोर्ट के आधार पर सीजीएम न्यायालय में

धारा 279, 338, 304ए हटाकर और उसकी जगह भारतीय दंड संहिता की धारा 326, 307, 302, 34 एवं 120बी, लगाये जाने का आवेदन दिया, जिसे न्यायालय ने स्वीकार कर लिया।

तत्पश्चात ही वस्तुतः जहां मुकदमें की कानूनी लड़ाई और जांच तेजी से होनी चाहिये थी, अर्थात एक तरफ एफआईआर में पूर्व से ही दर्ज केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा उर्फ टेनी का बयान लिया जाना था। तो दूसरी ओर अभियुक्तों द्वारा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के आदेश के विरूद्ध सक्षम न्यायालय में अपील तथा अग्रिम जमानत के लिए कार्यवाही की जानी चाहिये थी। परन्तु बजाए इसके चलती राजनीति की धार और तेज हो गई और दोनों पक्ष बल्कि तीनों पक्ष सत्ता पक्ष, विपक्ष और पीड़ित पक्ष अपनी-अपनी तलवार भांझकर सामने आ गये।

केन्द्रीय एवं संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी का यह कथन कि, चूंकि मामला उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है, जो उक्त पूरे मामले को देख रहा है, निरीक्षण व परिवेक्षण कर रहा है, तब इस मामले में सरकार का हस्तक्षेप कदापि उचित नहीं होगा। बचाव में दिया गया उक्त तर्क प्रकरण की वीभत्सता, गंभीरता व स्वरूप को देखते हुए एक मजाक ही कहलायेगा। इसी तरह की प्रतिक्रिया केन्द्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने भी दी। उन्होंने कहा कि कानून अपना काम कर रहा हैं। बिना किसी भेदभाव के निष्पक्षता के साथ कार्यवाही हो रही है और इस पर किसी के ज्ञान (विरोधी दलों) की जरूरत नहीं है। बकौल अकबर इलाहाबादी - क़ौम के गम में डिनर खाते हैं हुक्काम के साथ, रंज़ लीडर को बहुत है मगर आराम के साथ घटना की वीभत्सता से उत्पन्न रोष के प्रभाव को कम करने के लिए तथा आगे और प्रतिक्रिया स्वरूप स्थिति रौद्र रूप न ले ले, को देखते हुये उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस जांच, एसआईटी व न्यायिक आयोग की घोषणा कर जांच शुरू कर दी थी। उच्चतम न्यायालय ने स्वतः संज्ञान लेते हुये जांच के तरीके दिशा और गति से असंतुष्ट होकर तीन बार सरकार को फटकार लगाते हुय हस्तक्षेप कर एसआईटी में मूलभूत परिवर्तन कर एक न्यायिक सदस्य की नियुक्ति करवायी। तत्पश्चात उस जांच की गति व दिशा कुछ हद तक ठीक हुई। एसआईटी के उक्त कार्यवाही का श्रेय लेते समय नेतागण इस तथ्य को भूल गये। जांच एजेंसी की निष्कलंकता व पवित्रता को प्रमाणित करने वाले लोगो को इस बात पर ध्यान देना होगा कि उच्चतम न्यायालय के निर्देश में होने वाली जांच के बावजूद "बालू की दीवार पर टिकी हुई" हमारी जांच एजेंसी की जो कार्यपद्धति है व सत्ता का जो चरित्र व तंत्र विद्यमान है।

# पाठकों की बात

## पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### मंजिल पर होती थी

मंजिल पर होती थी नज़र हम चलते थे बेखबर हासिल करते थे जो चाहा कभी नहीं लगा जरा-सा डर दिन के परिंदे थे हम पुरा कब्जा होता था हमारा अठखेलियां,उछल-कूद और मासूमियत कोई बनता था सूरज और कोई तारा साइकल चलाने का शौक बड़ा बैखोफ निकल पड़ते थे हम नाप लेते थे खेतों को छोटे कदमों से कोई पेड़ की चोटी पर कोई पानी में खड़ा। - **प्रवीण**

### रात के सर्द स्याह

रात के सर्द स्याह सन्नाटे में अचानक नींद के आग़ोश से निकलकर गुनगुनाते हैं कई ख़्याल सुनो देव. बरबस टटोलने लगती हैं आँखे एक इंतज़ार जो मुद्दत से कैद हैं शब्दों में न जानें डायरी के रूठे पन्नों पर अचानक गर्म लावे सी पिघलने लगती हैं ज़ेहन से यादें तेरी। - **सुरेखा अग्रवाल**

### ख़ास पाती | जब नींद हो गहरी तो ख्वाब

जब नींद हो गहरी तो ख्वाब पुराने आते हैं, शब भर ख्वाबों मे बीते पल सुहाने आते हैं, इनकी उनकी सुनके दिल को जलाना क्या, है फलसफा जिंदगी का याद फसाने आते हैं, रिवायत-ए- इश्क वही पुरानी समझो अब भी, शम्मा पे चढे शबाब तो जलने परवाने आते हैं, हो दिल पे दर्द का पहरा आंखें खोयी खोयी, हर उलझन को सुलझाने दोस्त दीवाने आते हैं, खुद ही जुदा हो जाना बेहतर है उन सबसे, जो कहने को अपने नहीं नजर मिलाने आते हैं, दुआ सलाम की ताकीद तो बस यूं ही समझो, जो रिश्ते दिल के हैं वो ही हक जमाने आते हैं, विजय खुद में खुद की तासीर रहे कायम बस, इस रंगमंच पे सब यूं किरदार निभाने आते हैं। - **विजय लक्ष्मी राय**

### जिसने सब कुछ दिया जो दिया

जिसने सब कुछ दिया,जो दिया वो सब कुछ वापिस ले लेता है सुई से लेकर शरीर तक जो देता है और वक़्त आने पे या पूर्ण हो जाने पे वो वापिस तक ले लेता है जेब भरा रहे पर चाह कर कुछ नही मिल पाता और जेब खाली रहे तो बहुत कुछ कई बार मिल जाता है हंसी खुशी हर्ष विषाद सुख दुख. रुपये पैसे सब आने जाने की चीज़ है फिर कैसा गर्व कैसा घमण्ड दो मीठे बोल वो तो आपके पास है न...देने को बस और कुछ नही चाहिए औरों और अपनों को खुशिया देने को आप सब की सुबह खुशगवार हो,खुशियां बाटे-बटोरे दिन सफल हो। -**शत्रुंजय तिवारी**

### खिडकी पर उतरासबेरे का सूरज

खिडकी पर उतरासबेरे का सूरज चेहरे को सहलाया सबेरे का सूरज होले से थपथपाया सबेरे का सूरज नीद से जगाया सबेरे का सूरज उजाले से नहलाया सबेरे का सूरज जोश भर आया सबेरे का सूरज रास्ता दिखलाया सबेरे का सूरज। - **तपन मुखर्जी**

### सुनो तो,आज हम एक नयी

सुनो तो,आज हम एक नयी सी बात कहते हैं,आकर होश में दिन को दिन रात को रात कहते हैं, दिल लगाकर समझने की कोशिश करना, शेर नहीं कहेंगे, सिर्फ-ओ-सिर्फ जज़्बात कहते हैं, कई बार दिखावे, अहम बन जाते हैं ज़िन्दगी में, कुछ लम्हें होते नहीं,फिर भी उन्हें साथ कहते हैं, कभी जिम्मेदारीयों से वक्त लेकर मिलो तो सही, फुर्सत से बैठकर,कुछ तेरे मेरे हालात कहते हैं, ये सांसे कैद हैं ख्वाहिशों के दामन मे, तभी ज़िन्दगी को ज़िन्दगी नहीं हवालात कहते हैं। - **मोना सेन गुप्ता**

### सामने वाला इंसान जब झूठ बोलने

सामने वाला इंसान जब झूठ बोलने लगता है , चालाकी दिखाने लगता है , बातें घुमाने लगता है , अपनी ही कही बातों से मुकरने लगता है तो इसका मतलब ये नहीं होता कि वो हमको धोखा दे रहा है बल्कि इसका मतलब ये होता है वो हमको अपनी असलियत बता रहा है और कह रहा है कि मुझसे चौकन्ना हो जाओ। - **सुनिता बिंदल**

### आँगन बंटें, मैं हमेशा चुप रही

आँगन बंटें, मैं हमेशा चुप रही मकान बोलता रहा। खबरें उड़ी, मैं सुनती रही चेहरे अख़बारों जैसे थे। खामोशी सिसकी, कान सुनते रहे दोस्तों ने दुश्मनों से जुबां बदल ली थी। रात रोयी और, सड़कें नाचीं थी कमबख़्त थके सन्नाटों ने शोर मचा दिया था, वो आँगन बंटने से लेकर आज तक साथ जो थे। - **अनिल कपूर**

### खुलके बिखरे जो जुल्फें तेरी

खुलके बिखरे जो जुल्फें तेरी कयामत आ जाये, ठहर जाये जिधर नजरें तेरी कयामत आ जाये। बोलो कैसे कह दूँ कि ढूंढती नही मेरी नजरें तुम्हें पल भर ठहर जो इधर जाओ कयामत आ जाये। - **संजय सिंह राजपूत**

# QUIZ TIME

1) भारत में राष्ट्रीय आय की गणना का आधार वर्ष कौन-सा है?
2) भारतीय संविधान में कितने प्रकार के आपात उपबन्ध का वर्णन किया गया है?
3) सहारा मरूस्थल से भूमध्य सागर की ओर बहने वाली गर्म हवा का नाम क्या है?
4) 20 हट्र्ज़ से नीचे की आवृत्ति वाली ध्वनि तरंगें क्या कहलाती है?
5) 'वेल्थ ऑफनेशन्स ' नामक पुस्तक की रचना किसने की?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 2011-12 (2) 3 (3) सिरोको (4) अवश्रव्य तरंगें (5) एडम स्मिथ

# आज का इतिहास

**नई दिल्ली (वार्ता)।** 1241- मंगोल के प्रमुख लेफ्टीनेंट बहादुर तैर हुलागु खान ने लाहौर पर कब्जा किया। 1843 - रवीन्द्रनाथ टैगोर के पिता देवेंद्रनाथ टैगोर ब्रह्म समाज में शामिल हुए। 1851 - देश में पहली मालगाड़ी रुड़की से चलायी गयी। 1882 - थामस एडीसन द्वारा बनाए गए बल्बों से पहली बार क्रिसमस ट्री सजाया गया। 1910 - अमेरिका में पहली बार डाक बचत पत्र जारी। 1940 - मानवेंद्र नाथ राय ने रेडीकल डेमोक्रेटिक पार्टी की स्थापना की घोषणा की। 1941 - यूगोस्लाविया में मार्शल टीटो ने सेना की नई ब्रिगेड का गठन किया। 1947 - इटली की संसद ने नया संविधान अंगीकार किया। 1957 - ओहायो के कोलंबो चिड़िया घर में कोलो नामक गुरिल्ला के बच्चे का जन्म हुआ जो चिड़िया घर में पैदा होने वाला पहला गुरिल्ला था। 1961 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया। 1966 - जवाहरलाल नेहरू विश?वविद्यालय (जे.एन.यू.), नई दिल्ली की स्थापना 'जेएनयू अधिनियम के अन्तर्गत संसद द्वारा की गई। 1971 - तत्कालीन सोवियत संघ ने जमीन के नीचे परमाणु परीक्षण किया। 1978 - थाईलैंड ने संविधान अंगीकार किया। 1989 - रोमानिया के राष्ट्रपति चाऊशेस्क्यू का तख्ता पलटा तथा वे देश छोड़कर भागते समय गिरफ्तार। 2002 - दवाओं के दुरुपयोग के मसले पर दक्षेस देशों के स्वयंसेवी संगठनों की तीन दिवसीय बैठक काठमांडू में शुरू। 2005 - ईरान ने ज़हरीली गैस से हज़ारों ईरानियों को मारने के आरोप पर सद्दाम हुसैन पर मुकदमा चलाने की मांग की।

# 'डांस मेरी रानी' हुई रिलीज, लोगों ने दिया अच्छा रिस्पांस

**मुंबई (वार्ता)।** पंजाबी सिनेमा जगत के लोकप्रिय सिंगर गुरु रंधावा और बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही का नया गीत 'डांस मेरी रानी' मंगलवार को रिलीज हो गयी। इस गीत को लेकर निर्माता से लेकर प्रशंसकों के बीच गजब का उत्साह बना हुआ था। पिछले कई दिनों से नोरा फतेही ने इस गीत को लेकर सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान आकर्षित किया था। इस गीत को रिलीज करने की जानकारी नोरा फतेही और गुरु रंधावा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट गीत का एक छोटा सा हिस्सा शेयर कर दी। गुरु रंधावा ने इंस्टाग्राम पर एक छोटा सा वीडियो अपलोड करते हुये लिखा, हम एक और जबरदस्त गीत के साथ वापस आ गये।

जब टी-सीरीज ने यूट्यूब प्लेटफार्म पर इस गीत का टीजर रिलीज किया था, तभी से प्रशंसकों ने इस गीत पर अच्छा प्रतिक्रिया देना शुरू कर दी थी। सोशल मीडिया पर इस गीत को लेकर जबरदस्त उत्साह का माहौल बना था। इस गीत को आज रिलीज करने के चंद घंटे बाद ही लोगों ने अच्छा रिस्पांस दिया है।

इस गीत में अभिनेत्री नोरा फतेही एक जलपरी की भूमिका में दिख रही हैं और इस गीत की शूटिंग किसी टापू पर की गयी है। इस गीत में गुरु रंधावा के स्वैग के साथ नोरा का जबरदस्त डांस का कॉम्बिनेशन है।

## अगले साल 25 जनवरी को रिलीज होगी 'गहराइयां'

**मुंबई (वार्ता)।** फिल्म निर्देशक शकुन बत्रा की फिल्म 'गहराइयां' अगले साल 25 जनवरी को ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज होगी।

अमेजन प्राइम वीडियो ने सोमवार को इसकी घोषणा की। फिल्म में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण, अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी, अभिनेत्री अनन्या पांडे और अभिनेता धैर्य कारवा मुख्य भूमिका में नजर आयेंगे। साथ ही इसमें अभिनेता नसीरुद्दीन शाह और रजत कपूर भी अहम किरदार में दिखेंगे। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का टीजर शेयर करते हुये लिखा, ' मेरे दिल का एक टुकड़ा।' यह फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस के वायकॉम 18 स्टूडियोज के साथ हुए गठबंधन के बाद रिलीज होने वाली करण जौहर की पहली फिल्म बनने वाली है। यह फिल्म अगले साल जनवरी में ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन प्राइम वीडियो पर वर्ल्ड प्रीमियर होगी। यह दुनिया भर के 240 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों में अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। फिल्म 'गहराइयां' आधुनिक एडल्ट रिलेशनशिप पर आधारित है।

## फिल्म 'गहराइयां' को लेकर अनन्या पांडे हैं काफी उत्साहित

**मुंबई (वार्ता)।** फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द इयर' की स्टार अभिनेत्री अनन्या पांडे जल्द ही निर्देशक शकुन बत्रा की फिल्म 'गहराइयां' में नजर आयेंगी।

अभिनेत्री इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित दिख रही हैं। उन्होंने मंगलवार को इस फिल्म के टीजर पर मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के लिये प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी तस्वीर शेयर करते हुये लिखा, फिल्म गहराइयां और इसके टीजर के प्रति लोगों के प्यार से खुशी महसूस कर रही हूं।

इस फिल्म का टीजर सोमवार को रिलीज किया गया था और लोगों ने इसे जमकर सराहा है। निर्देशक शकुन बत्रा की फिल्म 'गहराइयां' अगले साल 25 जनवरी को ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज होगी। यह दुनिया भर के 240 से ज्यादा देशों और क्षेत्रों में अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। फिल्म 'गहराइयां' आधुनिक एडल्ट रिलेशनशिप पर आधारित है। फिल्म में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण, अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी, अभिनेत्री अनन्या पांडे और अभिनेता धैर्य कारवा मुख्य भूमिका में नजर आयेंगे।

## 'जब खुली किताब' में पंकज कपूर, डिंपल कपाड़िया का शानदार अभिनय आयेगा नजर

**मुंबई (वार्ता)।** अप्लॉज एंटरटेनमेंट और शू स्ट्रैप फिल्म्स दोनों मिलकर 'जब खुली किताब' फिल्म ला रहे हैं। इस फिल्म में अभिनेता पंकज कपूर और अभिनेत्री डिम्पल कपाड़िया एक रोमांटिक जोड़े के रूप में नजर आयेंगे। यह फिल्म सौरव शुक्ला द्वारा लिखी गई 'जब खुली किताब' नाटक पर आधारित है, साथ ही सौरभ शुक्ला ही इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। इस फिल्म का फर्स्ट लुक मंगलवार को जारी कर दिया गया है।

फिल्म में काफी टैलेंटेड अभिनेता अपारशक्ति खुराना भी एक महत्वपूर्ण भूमिका में नज़र आने वाले हैं। इसके अलावा फिल्म में समीर सोनी, नौहीद सायरेसी और अन्य भी दिखाई देंगे। फिल्म 'जब खुली किताब' में दो बुजुर्गों की कहानी दिखाई गई हैं, जिनके बीच आपस में गहरा प्रेम होता है और 50 वर्ष तक दोनों एकसाथ रहने के बाद तलाक लेने की सोचने लगते हैं। इस फिल्म में रिश्तों की खामियां और पारिवार पर इसके प्रभाव को दिल से और हंसी मजाक के साथ दिखाई जायेगी। अप्लॉज एंटरटेनमेंट के सीईओ समीर नायर ने कहा, फिल्म 'जब खुली किताब' मूलरूप से बहुत ही प्यारी रोमांचक कहानी है, यह बाकी रोमांस से बेहद अलग है। यह फिल्म सामान्य उतार-चढ़ाव को बाधित करती है और दर्शाती है कि कैसे किसी भी उम्र में प्यार एक अव्यवस्थित और उत्तेजक मामला बन सकता है। उन्होंने कहा कि इस फिल्म की कहानी में पंकज कपूर और डिम्पल कपाड़िया की जोड़ी उल्लेखनीय और अद्भुत है।

## न्यूज गैलरी

### आयकर छापा: 125 करोड़ की बेहिसाबी संपत्ति का खुलासा

**नई दिल्ली (वार्ता)।** आयकर विभाग ने पश्चिम बंगाल के आसनसोल में विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले एक समूह पर आयकर छापेमारी में दो करोड़ रूपये की नकदी और आभूषण आदि जब्त किये जाने के साथ ही 125 करोड़ रूपये की बेहिसाबी आय का पता चला है।

आयकर विभाग ने आज यहां जारी बयान में कहा कि गत 16 दिसंबर को आसनसोल में स्थित इस समूह के यहां छापेमारी की गयी थी। यह छापेमारी राज्य में 30 परिसरों पर की गयी। इस दौरान दस्तावेज और एसडी कार्ड में डिजिटली सेव किये गये डेटा , आदि जब्त किये गये हैं।

### ईडी ने अजय और संजय चंद्रा को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली (वार्ता)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने यूनिटेक के प्रवर्तकों अजय चंद्रा और संजय चंद्रा को धन शोधन निरोधक कानून (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार उच्चतम न्यायालय केन्द्रीय जांच की अनुमति मिलने के बाद ये गिरफ्तारियां हुयी है। ये दोनों भाई पहले मुंबई की जेल में थे। कल शाम इनको दिल्ली की जेल में स्थानातंरित किया गया और आज सुबह उनकी गिरफ्तारी की गयी। सूत्रों के अनुसार इन दोनों बंधुओं के राजधानी स्थित तिहाड़ जेल से कार्यालय संचालित करने की शिकायत पर दिल्ली से मुंबई स्थानातंरित किया गया है। तिहाड़ जेल के अधिकारियों पर चंद्रा बंधुओं को मदद करने का आरोप लगा था।

### उत्तर प्रदेश पर शानदार जीत से हिमाचल सेमीफाइनल में

**जयपुर (वार्ता)।** विनय गलेटिया 19 रन पर तीन विकेट और प्रशांत चोपड़ा की 99 रन की शानदार पारी से हिमाचल प्रदेश ने उत्तर प्रदेश को विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में मंगलवार को पांच विकेट से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।

हिमाचल ने यूपी को 50 ओवर में नौ विकेट पर 207 रन के मामूली से स्कोर पर रोका और 45.3 ओवर में पांच विकेट पर 208 रन बनाकर जीत अपने नाम की। प्रशांत मात्र एक रन से शतक बनाने से चूके लेकिन उन्होंने 141 गेंदों में 10 चौकों और दो छक्कों की मदद से 99 रन की मैच विजयी पारी खेली। निखिल गंगटा ने 59 गेंदों पर 58 रन में पांच चौके और तीन छक्के लगाए।

## वाराणसी, गोंडा, मुरादाबाद और सहारनपुर में आधार सेवा केंद्र

**नई दिल्ली (वार्ता)।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री राजीव चंद्रशेखर कल वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से उत्तर प्रदेश के वाराणसी, गोंडा, मुरादाबाद और सहारनपुर जिले के नवनिर्मित आधार सेवा केंद्र (एएसके) का उद्घाटन करेंगे। यह आधार सेवा केंद्र इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा स्थापित किए जा रहे है। आगरा, लखनऊ, प्रयागराज, गाजियाबाद और मेरठ में आधार सेवा केंद्र अपनी सेवायें प्रदान कर रहे हैं 7 अब वाराणसी, गोंडा, मुरादाबाद और सहारनपुर में आधार सेवा केंद्र अपनी सेवायें देना शुरू करेंगे और यूपी में आधार सेवा केंद्र कि संख्या को बढाकर 9 कर देंगे 7

आधार सेवा केंद्र के माध्यम से, सरकार का लक्ष्य नागरिकों को वन स्टॉप सेंटर पर आधार से सम्बंधित सभी सेवाएं प्रदान करना है, जिससे जीवन में आसानी और व्यवसाय करने में सुगमता सुनिश्चित हो सके। यह भी सूचित किया जाता है कि नरेन्?द्र मोदी सरकार

ने सार्वजनिक सेवा वितरण और नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए जेएएम ट्रिनिटी (जन धन, आधार, मोबाइल) का कुशलतापूर्वक उपयोग किया है। पीएम-किसान, पीएम आवास योजना, पीएम जन आरोग्य योजना, पहल, मनरेगा, राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा सहायता कार्यक्रम, पीडीएस जैसे आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से विभिन्न सामाजिक कल्याण से सम्बंधित योजनाओं के लाभों के लीक-प्रूफ वितरण के लिए अब तक लगभग 313 केंद्र सरकार की योजनाओं को अधिसूचित किया गया है।

आधार का उपयोग करने के लिए 250 से अधिक राज्य कल्याण योजनाओं को भी अधिसूचित किया गया है। प्रमाणित करने में विफलता के मामले में लाभ से इनकार नहीं करने को सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट प्रावधान हैं। आधार और प्रत्यक्ष लाभ अंतरण-डीबीटी के उपयोग के कारण सरकारी खजाने को हुई बचत, मुख्य रूप से नकली और फर्ज़ी लाभार्थियों की छंटनी के कारण, अनुमानित रूप से 1.78 लाख करोड़ रुपये (मार्च 2020 तक; डीबीटी मिशन, कैबिनेट सचिवालय के अनुसार) होने का अनुमान लगाया गया है। जेएएम ट्रिनिटी एक महत्वपूर्ण बदलाव वाली साबित हुई है और कोरोनावायरस महामारी के दौरान देश के दूर-दराज़ के इलाकों में रहने वाले नागरिकों तक पहुंचने में मदद की है। शासन में आधार का लाभ उठाने की भारत की सफलता की कहानी से सीखते हुए, बहुत से देशों ने आधार अनुभव को समझने में सक्रिय रुचि दिखाई है।

## पेट्रोल और डीजल में 47 वें दिन स्थिरता

**नई दिल्ली (वार्ता)।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल में तेजी के बावजूद आज लगातार 47 वें दिन देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में स्थिरता बनी रही।

दिल्ली में गत दो दिसंबर को वैट में कमी किये जाने के कारण पेट्रोल की कीमतें करीब आठ रुपये प्रति लीटर कम हुआ था और उसके बाद से दिल्ली में पेट्रोल 95.41 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 86.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है।

आज सिंगापुर में लंदन ब्रेंट क्रूड 0.71 प्रतिशत की तेजी के साथ 72.03 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 0.98 प्रतिशत उतरकर 69.28 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा।

केन्द्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः पांच रुपये तथा 10 रुपये प्रति लीटर की कमी करने से देश में इसकी कीमतों में कमी आयी थी। इसके बाद उत्तर प्रदेश, कर्नाटक सहित देश के 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने इन दोनों उत्पादों पर मूल्य वर्धित कर (वैट) में कमी की थी। घरेलू बाजार में 47 वें दिन भी पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ। राजधानी दिल्ली में वैट कम किये जाने के कारण भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के पंप पर पेट्रोल की कीमत 95.41 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल के दाम 86.67 रुपये प्रति लीटर पर टिके रहे। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है और उसके आधार पर हर दिन सुबह छह बजे से नयी कीमतें लागू की जाती हैं।

## एचडीएफसी लाइफ ने एचडीएफसी लाइफ सिस्टमैटिक रिटायरमेंट प्लान लॉन्च किया

**बिलासपुर।** भारत की प्रमुख जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एचडीएफसी लाइफ ने एचडीएफसी लाइफ सिस्टमैटिक रिटायरमेंट प्लान लॉन्च किया है, जो व्यक्तिगत, समूह, नॉन-पार्टिसिपेटिंग, नॉन-लिंक्ड, सेविंग्स डेफर्ड एन्यूइटी प्लान है और यह प्लान व्यवस्थित रूप से आपको अपनी सेवानिवृत्ति के दिनों के लिए बचत करने की सुविधा प्रदान करता है।

भारत में बढ़ती जीवन प्रत्याशा और मुद्रास्फीति के साथ, सेवानिवृत्ति योजना (रिटायरमेंट प्लान) की आवश्यकताएं महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा, सामाजिक संरचनाओं में परिवर्तनों जैसे एकल परिवारों की वृद्धि, नौकरियों, शिक्षा आदि के लिए युवा पीढ़ी के प्रवास आदि ने समय से सेवानिवृत्ति योजना बनाने की आवश्यकता को और महत्वपूर्ण बना दिया है क्योंकि सेवानिवृत्ति न केवल अतिरिक्त आय सुनिश्चित करती है, बल्कि एक व्यक्ति को अपने सेवानिवृति के वर्षों के लिए बचाए गए धन से समझौता किए बिना चिकित्सा और वित्तीय आपात स्थितियों से निपटने में भी सक्षम बनाती है। वित्तीय स्वतंत्रता के साथ-साथ जीवन के बाद के वर्षों में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए एक सेवानिवृत्ति योजना आवश्यक है। रिसर्च बताता है कि अक्सर सेवानिवृत्त भारतीय वंचित जीवन जीते हैं क्योंकि वे अपने जीवन की बचत के समाप्त हो जाने के डर में जीते हैं। एन्यूइटी जैसे बीमा उत्पाद जीवन के लिए एक गारंटीशुदा आय सुनिश्चित करते हैं।

### पहली छमाही में भारतीय ऑटो कलपुर्जा उद्योग 65 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली (वार्ता)।** चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में भारतीय ऑटो कलपुर्जा उद्योग 65 प्रतिशत बढ़कर 1.96 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया जिसमें निर्यात 76 प्रतिशत बढ़कर 68746 करोड़ रुपये और आयात 71 प्रतिशत बढ़कर 64310 करोड़ रुपये रहा है। भारतीय ऑटो कलपुर्जा विनिर्माण उद्योग के शीर्ष संगठन ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चर्स एसोसियेशन ऑफ इंडिया (एक्मा) ने आज यहां जारी अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। इसमें कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में यह उद्योग पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना मे 65 प्रतिशत बढ़ा है। एक्मा के महानिदेशक विन्नी मेहता ने आज कहा कि आपूर्ति के कारणों से वाहनों की बिक्री प्रभावित होने के बावजूद ऑटो कलपुर्जा उद्योग का प्रदर्शन बेहतर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियों का निर्यात आयात से अधिक रहा है।

## नॉर्त्जे भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर

**जोहान्सबर्ग (वार्ता)।** दक्षिण अफ्रीका के स्टार तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्त्जे गंभीर चोट के कारण भारत के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज से बाहर हो गए हैं।

क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में इसकी पुष्टि करते हुए कहा, एनरिक नॉर्त्जे अपेक्षित टेस्ट मैच के गेंदबाजी भार के लिए पूरी तरह से ठीक नहीं हुए हैं और वर्तमान में ठीक होने के लिए विशेषज्ञों से परामर्श कर रहे हैं। टेस्ट टीम में नॉर्त्जे की जगह पर रिप्लेसमेंट के तौर पर कोई खिलाड़ी नहीं जोड़ा जाएगा। वही पहले वाली 20 सदस्यीय टेस्ट टीम बरकरार रहेगी। उल्लेखनीय है कि दक्षिण अफ्रीकी टीम ने बॉक्सिंग डे से शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले अपनी अंतिम तैयारी शुरू कर दी है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहला टेस्ट 26 दिसंबर से सेंचुरियन में खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट तीन से सात जनवरी के बीच जोहान्सबर्ग, जबकि तीसरा तथा आखिरी टेस्ट मैच 11 से 15 जनवरी तक केप टाउन में खेला जाएगा। टेस्ट सीरीज 2021-2023 आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होगी। इस साल जुलाई में वेस्ट इंडीज के अपने सफल दौरे के बाद यह दक्षिण अफ्रीका की पहली टेस्ट सीरीज है।

### झूलन गोस्वामी प्री-बिड पाने वाली दुनिया की पहली महिला क्रिकेटर बनीं

**नई दिल्ली (वार्ता)।** दुबई स्थित क्रिकफ्लिक्स ने रेयर नान फंगेबल टोकन (एनएफटी) क्रिकेट मेमोरैबिलिया आक्शन लान्च करने के लिए रेवस्पोर्ट्ज़ और फैनेटिक स्पोर्ट्स के साथ हाथ मिलाया है और भारत की दिग्गज महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी इसमें प्री-बिड पाने वाली दुनिया की पहली महिला क्रिकेटर बन गई है। यह आक्शन 24 दिसम्बर को होगा। नीलामी शुरू होने से पहले ही गोस्वामी की 2017 विश्व कप जर्सी प्री-बिड हो चुकी है। इससे झूलन एनएफटी क्रिकेट जगत में कई दिग्गजों की बराबरी पर आ गई हैं। महिला इंटरनेशनल वनडे मैचों में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज झूलन ने कहा, ÷मैं बहुत खुश हूँ। क्या मैं कह सकती हूं कि यह मेरे कई अन्य साथियों के लिए एनएफटी मूल्य को अनलॉक करने और प्रशंसकों तक पहुंचने की शुरुआत होगी। पहले ही 200,000 अमेरिकी डॉलर की पूर्व बोलियां लगाई जा चुकी हैं, जो यह दर्शाता है कि क्रिकफ्लिक्स को दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है।

योजना

जीवन के बाद के वर्षों में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए एक सेवानिवृत्ति योजना आवश्यक

# एचडीएफसी ने सिस्टमैटिक रिटायरमेंट प्लान लॉन्च किया

नव प्रदेश संवाददाता

**रायपुर/बिलासपुर।** भारत की प्रमुख जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एचडीएफ सी लाइफ ने एचडीएफसी लाइफ सिस्टमैटिक रिटायरमेंट प्लान लॉन्च किया है, जो व्यक्तिगत, समूह, नॉन-पार्टिसिपेटिंग, नॉन-लिंक्ड, सेविंग्स डेफर्ड एन्यूइटी प्लान है और यह प्लान व्यवस्थित रूप से आपको अपनी सेवानिवृत्ति के दिनों के लिए बचत करने की सुविधा प्रदान करता है। भारत में बढ़ती जीवन प्रत्याशा और मुद्रास्फीति के साथ, सेवानिवृत्ति योजना (रिटायरमेंट प्लान) की आवश्यकताएं महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा, सामाजिक संरचनाओं में परिवर्तनों जैसे

एकल परिवारों की वृद्धि, नौकरियों, शिक्षा आदि के लिए युवा पीढ़ी के प्रवास आदि ने समय से सेवानिवृत्ति योजना बनाने की आवश्यकता को और महत्वपूर्ण बना दिया है क्योंकि सेवानिवृत्ति न केवल अतिरिक्त आय सुनिश्चित करती है, बल्कि एक व्यक्ति को अपने सेवानिवृति के वर्षों के लिए बचाए गए धन से समझौता किए बिना चिकित्सा और वित्तीय आपात स्थितियों से निपटने में भी सक्षम बनाती है। वित्तीय स्वतंत्रता के साथ-साथ जीवन के बाद के वर्षों में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए एक सेवानिवृत्ति योजना आवश्यक है। रिसर्च बताता है कि अक्सर सेवानिवृत्त भारतीय वंचित जीवन जीते हैं क्योंकि वे अपने जीवन की बचत के समाप्त हो जाने के डर में जीते हैं। एन्यूइटी जैसे बीमा उत्पाद जीवन के लिए एक गारंटीशुदा आय सुनिश्चित करते हैं जिससे उपभोक्ताओं को अपनी लंबी जिन्दगी के जोखिम के खिलाफ सुरक्षा की व्यवस्था करने में मदद मिलती है।

एचडीएफसी लाइफ के चीफ एक्चुअरी, श्रीनिवासन पार्थसारथी ने कहा कि ÷सेवानिवृत्ति के वर्षों में आय के सुरक्षित और नियमित प्रवाह से मिली वित्तीय स्वतंत्रता प्रत्येक व्यक्ति के लिए उनकी सेवानिवृत्ति का लक्ष्य है। इसलिए सेवानिवृत्ति के बाद जीवन के लिए व्यवस्थित रूप से योजना बनाना आपकी चिंता मुक्त जिन्दगी सुनिश्चित करेगा।एचडीएफसी लाइफ सिस्टमैटिक रिटायरमेंट प्लान ग्राहकों को पॉलिसी की शुरुआत में ही अपनी वार्षिकी ब्याज दरों (एन्यूइटी इंटरेस्ट रेट्स) को लॉक करने की अनुमति देता है। एचडीएफसी लाइफ सिस्टमैटिक रिटायरमेंट प्लान व्यक्तियों को समय गुजरने के साथ एक सेवानिवृत्ति कोष के लिए व्यवस्थित रूप से बचत करने का अनूठा अवसर देता है और उसके बाद एक गारंटीशुदा आजीवन आय का आनंद प्रदान करता है। यह प्लान दो प्लान विकल्पों में से चुनने के लिए लचीलापन (फ्लेक्सिबिलिटी) प्रदान करता है - लाइफ एन्युटी और प्रीमियम रिटर्न सहित लाइफ एन्युटी।

## यूपी योद्धा का आधिकारिक प्रायोजक बना अमेज

**लखनऊ (वार्ता)** देश में जाने माने इन्वर्टर एवं इन्वर्टर बैटरी ब्रांड अमेज़ ने 22 दिसंबर से शुरू होने वाली प्रो कबड्डी लीग के आठवें सत्र के लिये यूपी योद्धा के आधिकारिक प्रायोजक के तौर पर भागीदारी की घोषणा की है।

लूमिनस पावर टेक्नॉलजीज़ प्राइवेट लिमिटेड में पावर सॉल्यूशंस बिज़नेस के कंट्री हेड अमित शुक्ला ने मंगलवार को कहा, ÷अमेज़ लोगो यूपी योद्धा के खिलाड़ियों की वर्दी पर प्रदर्शित होगा। यूपी योद्धा के साथ हमारा जुड़ाव उत्तर भारत में अपनी जड़ों को और गहरा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है, और एकजुट होकर हम इस सीज़न को पहले से कहीं ज्यादा यादगार तथा मनोरंजक बनाने का इरादा रखते हैं।

इस पार्टनरशिप के बारे में, कर्नल विनोद बिष्ट, सीईओ, जीएमआर लीग गेम्स ने कहा, ÷ यूपी योद्धा में प्रो कबड्डी लीग के सीज़न 8 के लिए 'अपने आधिकारिक प्रायोजक के तौर पर अमेज़'के साथ भागीदारी पर खुशी महसूस कर रहे हैं। हमने हमेशा से ही उत्तर प्रदेश में खेल-कूल की लोकप्रिय का लाभ उठाया है और राज्य के युवाओं के मन में खेल को अपने कॅरियर विकल्प के तौर पर देखने के लिए प्रेरित किया है। अमेज़ के साथ यह भागीदारी इसलिए खास है क्योंकि हम अपने तरीके से जिंदगियों को रोशन करने के साझा लक्ष्य की दिशा में प्रयासरत हैं।

# मड़वा से छुरा रोड की हालत खस्ता, जिम्मेदार मौन

**देवभोग/नवप्रदेश।** केंद्र सरकार द्वारा गांव गांव के ग्रामीणों को सहूलियत पहुंचाने के लिए लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर प्रधानमंत्री सड़क का निर्माण करा रही है। लेकिन इस विभाग के कई सड़क इन दिनों भ्रष्टाचार की बली चढ़ रही है। ऐसे ही छुरा ब्लॉक के मडवाडीहि से छूरा तक प्रधानमंत्री सड़क निर्माण में देखने को मिला है। इस सड़क पर अमानक मटेरियल इस्तेमाल करने से प्रगतिरत सड़क की हालत खस्ता गई है। 10 किलोमीटर सड़क के लिए करोड़ों रुपए स्वीकृत किया गया है। बकायदा ठेकेदार द्वारा बीते जनवरी माह से सड़क निर्माण शुरू कर दिया। मगर प्रावधान के विपरीत सड़क निर्माण होने के चलते आने वाले चंद दिनों में सड़क खराब होने की पूरी संभावना बन रही है। सबसे खास बात तो यह है कि जिला के समीप प्रधानमंत्री सड़क निर्माण में भर्रासाही को अंजाम दिया जा रहा है। और जिम्मेदारों के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस तरह ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन कार्य को संपादित किया जा रहा है। जबकि इस मार्ग पर आए दिन सैकड़ों लोगों का आवागमन होता है। बावजूद इसके लापरवाही बरतना जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। जितनी मात्रा में मूर्मि पत्थर डालकर रोलर चलाना चाहिए उतनी मात्रा में बिल्कुल भी नहीं किया जाता। इसके अलावा डामर पर भी काटामारी करने का आरोप है। रात के अंधेरे में इस सड़क की अधिकांश कार्य को पूरा किया है। तभी पीएमजीएसवाई सड़क निर्माण को लेकर तरह-तरह के सवाल खड़े किए जा रहे हैं। क्योंकि महज 11 माह पहले बनती सड़क की हालत देख राहगीर भी चकित है कि आखिरकार कम समय में किस तरह सड़क निर्माण में उपयोग मटेरियल उखड़ कर बिखर रहा है और वर्तमान में गुणवत्ताहीन सड़क की स्थिति ऐसी है। तो आगामी महीनों में सड़क की बदहाली का अंदाजा आसनी से लगाया जा सकता है।

## प्रवीण तोगड़िया से शिवम तिवारी ने लिया आशीर्वाद

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** राजधानी रायपुर के भाठागांव स्थित रावणभाठा मैदान में आयोजित राष्ट्रीय बजरंग दल के त्रिशूल दीक्षांत कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू हृदय सम्राट डॉ प्रवीण तोगड़िया ने युवाओं को देश धर्म और संस्कृति का संकल्प कराया। इस कार्यक्रम में बेमेतरा के जन सेवक शिवम तिवारी ने सौजन्य मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रवीण तोगड़िया ने कहा आज हमारे सामने गोहतिया और आतंकवादी की जो चुनौतिया हैं, उनके सामने हम डटकर खड़ा होना हैं। कार्यक्रम में राजीव लोचन महाराज जी ने कहा युवा अब इंतिजार नहीं करेंगे देश को हिन्दू राष्ट्र बनाया जाए।

## सट्टा-पट्टी लिखते एक गिरफ्तार

**भाटापारा/नवप्रदेश।** ग्रामीण पुलिस ने ग्राम अर्जुनी में सट्टा पट्टी लिखते एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 800 नकदी एवं सट्टा पट्टी लिखा कागज जप्त किया है। पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए युवक को जेल भेज दिया है। उपरोक्त संबंध में प्रदत जानकारी अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा के निर्देशन में ग्राम अर्जुनी मे मुखबिर की सूचना पर रेड कार्यवाही कर सट्टा-पट्टी नामक जुआ खिलाते आरोपी सुनील रजक दाऊ लाल रजक उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम अर्जुनी के कब्जे से 800 रुपए नगदी सट्टा पट्टी लिखा कागज व डॉट पेन को जप्त कर जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई वहीं पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही कर युवक को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

## ब्लॉक कांग्रेस ने स्व. मोतीलाल वोरा जयंती एवं पुण्यतिथि मनाई

**मैनपुर/नवप्रदेश।** विकासखंड मुख्यालय मैनपुर के अंतर्गत अमलीपदर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम के निर्देसानुसार ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ललिता यादव की अध्यक्षता में अभिभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष स्व. मोतीलाल वोरा जयंती 20 दिसम्बर एवं पुण्यतिथि 21 दिसम्बर को ग्राम पंचायत अमलीपदर में कार्यक्रम का आयोजन कर मनाया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके छाया चित्र में माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व कृतत्व और नैतिक सिध्दांतो पर चर्चा कर उनके बताये मार्ग पर चलने शपथ लिया गया। अमलीपदर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ललिता यादव ने कहा कि मोतीलाल वोरा ने अपने सरल-सहज और मृदुभाषी व्यक्तित्व से सभी को प्रभावित किया। उनके व्यक्तित्व में सादगी थी, अहंकार उनसे कोसों दूर था। उन्होंने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा में अमूल्य योगदान दिया अपने लम्बे राजनीतिक जीवन में उन्हें जो भी दायित्व मिला उसे सहज स्वीकार किया इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से युकां अध्यक्ष पंकज मांझी, अनुराग वाघे, यशवंत मरकाम, गोवर्धन ताम्रकार, भीखराम मरकाम, भोजसिंह नेताम, गजेसराम नागेश, हेमसिंह नागेश, सुरेश बघेल, विनोद यादव, नारायण यादव, तरुण साहू, जयंत दुबे, धनसाय ध्रुव, राजेश जगत सहित कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ओमीक्रॉन की आशंका के बीच कलेक्टर ने जांच और टीकाकरण बढ़ाने दिए निर्देश

### प्रथम चरण का ही 2 लाख लोगों को नहीं लगा है टीका

**बलौदाबाजार/नवप्रदेश।** ओमिक्रान वायरस संक्रमण की प्रबल आशंका के बीच कलेक्टर सुनील जैन ने सेम्पल जांच एवं टीकाकरण की गति और तेज करने को कहा है। उन्होंने कमजोर उपलब्धि वाले ग्राम पंचायतों की पहचान कर युद्धगति से वहां टीकाकरण अभियान चलाने को कहा है। संबंधित एसडीएम को रणनीति बनाकर जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता के सहयोग से टीकाकरण के लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। फिलहाल जिले में प्रथम चरण का टीकाकरण 81 फीसदी और दूसरे चरण का 47 प्रतिशत हुआ है। प्रथम चरण में ही लगभग 2 लाख लोगों को टीके लगाना बचा हुआ है। उन्होंने कहा कि इस महीने के अंत तक जिले का लक्ष्य प्रथम चरण का 90 प्रतिशत और दूसरे चरण का 60 प्रतिशत पूर्ण हो जाने चाहिए।

कलेक्टर श्री जैन आज यहां जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ठण्ड के मौसम में ऑमीक्रान वायरस संक्रमण का उचित वातावरण होता है। इसलिए केवल जांच और टीका ही इसके नाश काा एकमात्र उपाय है। जो कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा मुफ्त में लगाया जा रहा है। उन्होंने अभियान की सफलता के लिए घर-घर पहुंच कर टीका लगाने को कहा है।

कलेक्टर ने बैठक में अफसरों से कहा कि लोक सेवा गारण्टी के प्रकरणों का निराकरण समय-सीमा में अनिवार्य तौर से हो जाये। अन्यथा उनकी गोपनीय चरित्रावली में अंकित किया जायेगा। बैठक में अफसरों ने बताया कि पैरादान अभियान को जिले में अच्छी सफलता मिली है। अब तक 48 हजार क्विंटल पैरा का संग्रहण गौठानों के लिए हो चुका है। कलेक्टर ने इस महीने के अंत तक लगभग 60 हजार क्विंटल पैरा संग्रहण का लक्ष्य दिया है। गोधन न्याय योजना की समीक्षा में पाया गया कि जिले में सक्रिय गोठानों में से केवल आधे में ही गोबर खरीदी की जा रही है। उन्होंने सभी सक्रिय गोठानों में अगले तीन दिनों के भीतर गोबर खरीदने की कार्यवाही शुरू करने को कहा है। कलेक्टर ने पलारी के साराडीह धान खरीदी केन्द्र के उपर से गुजरे बिजली कनेक्शन को अन्यत्र शिफ्ट करने के निर्देश बिजली विभाग को दिए हैं। धान खरीदी के साथ इनका परिवहन भी जिले में साथ-साथ चल रहा है। फिलहाल 300 वाहन धान परिवहन कार्य में लगे हुए हैं। कलेक्टर ने 100 और गाड़िया कल से लगाने को कहा है।

## मसीही समाज ने निकाली भव्य क्रिसमस रैली

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** जिला मसीही समाज राजनांदगांव द्वारा क्रिसमस पर्व के अवसर भव्य क्रिसमस रैली का आयोजन होता रहा है। इस वर्ष भी यह भव्य रैली आयोजित कि गयी जिसे वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्टेशन रोड से प्रारम्भ किया गया। रैली में प्रारम्भ में भाजपा जिला अध्यक्ष मधुसूदन यादव ने उपस्थित सभी मसीही समाज के लोगों को सम्बोधित करते हुए क्रिसमस पर्व कि शुभकामनायें प्रेषित किया तत्पश्चात रेव्ह डॉ वालटर लिविंगस्टन द्वारा प्रार्थना किया गया साथ ही मंच संचालन जिला मसीही समाज के अध्यक्ष रेव्ह डॉ सुमन लाल द्वारा किया गया साथ उनके द्वारा मसीही समाज के लिए किये गए समस्त विकास कार्यो के लिए सरकार, शासन प्रशासन एवं आम जनता को धन्यवाद दिया। रैली में मानव मंदिर चौक पड़ाव पहुंचने पर राजनांदगांव महापौर हेमा देशमुख ने मसीही समाज के सभी लोगों को संबोधित करते हुए क्रिसमस कि शुभकामनायें दी। इस अवसर पर उपस्थित जिले के विभिन्न चर्च पास्टर, रेव्ह अतुल्य प्रशांत मसीह, रेव्ह डॉ फ्रांसिस नाग, रेव्ह जॉन लिविंगस्टन, रेव्ह डॉ विनसेंट नाग, रेव्ह रूएल सिंह, रेव्ह जॉन वेस्ली, रेव्ह अमित दान, रेव्ह सुनील गोटलिब, पास्टर पंचम सोनी, जिला कांग्रेस महामंत्री राजीव कुरियाकोस, डॉ आनंद वर्गिस, कृस्टोफर पॉल, संजय लाल, आशीष युसुफ एवं भारी संख्या में मसीही समाज के लोग उपस्थित रहे।

## फैक्ट्री का ट्रांसफार्मर निकाल कर गांव में लगाने की पहल

**देवभोग/नवप्रदेश।** 22 दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के चलते अंधेरे में रहे ग्रामीणों को जनपद अध्यक्ष नेहा दीपक सिंघल ने अपनी फैक्ट्री का ट्रांसफार्मर देकर क्षेत्र में सेवा भाव का मिसाल कायम किया है। जिसकी तारीफ मुख्यालय के अलावा जिला स्तर पर भी जमकर हो रही है। बता दें कि बीते माह मौखागुड़ा पंचायत में ट्रांसफार्मर महीना भर से खराब था और स्टॉक में ट्रांसफार्मर नहीं होने के चलते ग्रामीणों को 22 दिनों तक अंधेरे में रात गुजारनी पड़ी थी। जिससे अवगत होने के बाद जनपद अध्यक्ष नेहा दीपक सिंघल ने अपने बाघगोड़ा पर स्थित ईट की फैक्ट्री का ट्रांसफार्मर निकालकर मौका गुड़ा में लगाया। तब कहीं जाकर महिला पुरुष सहित छोटे-छोटे बच्चों को अंधेरा से निजात मिल पाया जिसके बाद ग्रामीणों के नेहा का स्वागत करते सादगी पूर्वक धन्यवाद भी किया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**लोस के बाद रास से...**

चुनाव आयोग और कानून मंत्रालय के साथ विस्तार से चर्चा की गई है. हर कोई इसका समर्थन कर रहा है, केवल 1-2 लोग इसे विवादास्पद मुद्दा बनाना चाहते हैं.

चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ रखने के लिए मतदाता सूची का साफहोना जरूरी है. इस कदम से फर्जी वोट नहीं पड़ेंगे. उन्होंने यह भी साफ किया कि आधार कार्ड को मतदाता सूची से जोड़ना अनिवार्य नहीं, बल्कि स्वैच्छिक होगा. यह योग्य आम आदमी के लिए अच्छा बिल है.

वहीं, टीएमसी सांसद सौगत राय ने भी कहा कि यह बिल बहुत जल्दी में लाया गया है. स्टेकहोल्डर को इसपर विचार या जाना चाहिए था. अल्पसंख्यक इस बिल के खिलाफहैं.

**प्रयागराज में पीएम मोदी ...**

के उत्पीड़न को रोकने के लिए तीन तलाक कानून भी हमारी ही सरकार ने बनाया है। केंद्र सरकार ने एक और फैसला लिया है। पहले बेटों के लिए शादी की उम्र 21 साल थी और लड़कियों के लिए यह आयु सीमा 18 साल ही थी। इसलिए अब बेटियों के लिए शादी की उम्र 21 साल करने का प्रयास किया जा रहा है। देश यह फैसला बेटियों के लिए कर रहा है। लेकिन किसको इससे तकलीफहो रही है। यह सब देख रहे हैं।

प्रियंका बोलीं- कांग्रेस के अभियान के चलते महिलाओं पर फोकस

इस बीच प्रियंका गांधी का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की ओर से लड़की हूं, लड़ सकती हूं अभियान शुरू किया गया था। इसी दबाव के चलते पीएम नरेंद्र मोदी ने यह आयोजन किया है। उन्होंने कहा कि देश की शक्ति के आगे प्रधानमंत्री झुक गए।

**2014 से पहले 'लिंचिंग' ...**

एक अज्ञात व्यक्ति को भीड़ ने पीट-पीटकर कथित तौर पर मार डाला। वहीं इससे पहले अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में शनिवार को कथित बेअदबी के चलते भीड़ ने एक अन्य व्यक्ति की पीट-पीट कर जान ले ली थी।

एक और ट्वीट में, मालवीय ने कहा, ÷अहमदाबाद (1969), जलगाँव (1970), मुरादाबाद (1980), नेल्ली (1983), भिवंडी (1984), दिल्ली (1984), अहमदाबाद (1985), भागलपुर (1989), हैदराबाद (1990), कानपुर (1992), मुंबई (1993)... यह एक छोटी सी लिस्ट है जिसमें नेहरू-गांधी परिवार की निगरानी में 100 से अधिक लोग मारे गए।÷

गौरतलब है कि कांग्रेस शासित झारखंड सरकार मॉब लिंचिंग को रोकने के लिए एक विधेयक लाने की तैयारी कर रही है। 'लिंचिंग रोकथाम' विधेयक का मसौदा तैयार कर लिया गया है। विशेष रूप से, पश्चिम बंगाल और राजस्थान की विधानसभाएं पहले ही इसी तरह का विधेयक पारित कर चुकी हैं।

**किसी दिन 'लाल टोपी' ...**

और अपने परिवार के बारे में बात नहीं करना चाहती हैं। उन्होंने कहा, ÷डूबते जहाज का क्या होता है? सबसे पहले कौन दौड़ता है? ठीक यही यहां हो रहा है। वे (भाजपा) यूपी चुनाव से डरे हुए हैं।÷

लखीमपुर खीरी हिंसा मामले पर उनकी टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने कहा, लखीमपुर खीरी लोगों को यह बताने का एक बहुत अच्छा मामला है कि वे (भाजपा) न्याय और निष्पक्षता में विश्वास नहीं करते हैं।

सोमवार को ऐश्वर्या राय बच्चन के प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश होने के कुछ घंटे बाद जया बच्चन ने संसद में अपना आपा खो दिया और भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि ÷उनके बुरे दिन जल्द ही शुरू होंगे÷ ।

इससे पहले, समाजवादी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पार्टी का नाम लिए बिना कहा था, 'रेड कैप' यूपी के लिए रेड अलर्ट है। पीएम मोदी ने एक रैली में कहा था, आज पूरा यूपी जानता है कि 'लाल टोपी' को केवल 'लाल बत्ती' की परवाह है। उनका आपके दर्द और मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं था। 'रेड कैप' सत्ता चाहते हैं - घोटालों के लिए और अपना खजाना भरने के लिए, अवैध अतिक्रमण के लिए, माफिया को आजादी दिलाने के लिए।''

**छग में शीतलहर : सीएम ...**

की चेतावनी जारी की है। इसके मुताबिक अलगे 24 घंटों में सरगुजा और बिलासपुर के सभी जिलों में शीतलहर और शीत दिवस रहने का अनुमान है। दुर्ग, रायपुर और बस्तर संभाग में शीतलहर चलेगी। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक जब न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से कम हो और अधिकतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस कम हो जाए तो कोल्ड डे होता है। अगले कुछ दिनों तक मौसम के ऐसे ही सर्द रहने का अनुमान है। छत्तीसगढ़ में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए सीएम भूपेश बघेल ने सभी कलेक्टरों को अलाव जलाने और कंबल बांटने के निर्देश दिए हैं। जरुरतमंद लोगों को लिए व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने सभी कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि अपने-अपने क्षेत्रों में अलाव जलाने और जरूरतमंदों को कंबल इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। नागरिकों को ठंड के कारण किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

**10 दिन में गिराएं ...**

रिपोर्ट और तथ्यों से साफहै कि सार्वजनिक जमीन पर अवैध तरीके से बनाए गए मंदिर में कोई धार्मिक गतिविधि नहीं हो रही है, ऐसे में उसे वहां से हटाया जाए। उन्होंने कहा है कि जब एक बार सर्वोच्च न्यायालय ने पहले ही निर्देश दे दिया था कि मंदिर या गुरुद्वारे के नाम पर किसी भी अनधिकृत निर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी, तो अब कोई सवाल ही नहीं बचता कि अतिक्रमण को तेजी से क्यों नहीं हटाया जाए ताकि इसका दुरुपयोग न हो।

**राहुल गांधी से सीएम भूपेश...**

राहुल गांधी के आवास पर करीब आधे घंटे तक दोनों नेताओं की एकांत में बैठक हुई। इस मीटिंग में प्रदेश की राजनीति समेत कई मुद्दों पर चर्चा होने की बात सामने आ रही है। जिसमे प्रदेश में हुए निकाय चुनाव और सरकार के कामकाजों की जानकारी दी गई। साथ ही बैठक में प्रमुख रूप से मंत्रिमंडल में फेरबदल पर चर्चा की संभावना प्रबल मानी जा रही है। हालांकि राहुल से मुलाकात के बाद सीएम भूपेश दिल्ली में मीडिया से चार्चा किये बिना ही उत्तरप्रदेश के लिए रवाना हो गए।


**कार्यालय सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर**
email ID-eocghbzone1@gmail.com

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी गुढ़ियारी रायपुर में निर्मित एलआईजी भवन योजना में से भवन क्र. एलआईजी-198 का भाग फ्लैट नं. 2 में श्री विनोद बाबू अनुबरी पिता स्व. वाई लबन आबंटित किया गया है। मूल आबंटी द्वारा दिनांक 8.8.04 को विक्रय विलेख निष्पादित करा लिया गया है।

मूल आबंटी की मृत्यु दिनांक 26.4.21 को हो जाने के कारण सुश्री अनुग्रह अनुबरी पिता स्व. श्री विनोद बाबू अनुबरी द्वारा उक्त भवन/ भूखंड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र वारिसों (श्रीमती प्रभावती अनुबरी पति स्व. विनोद बाबू अनुबरी, श्री हर्षित अनुबरी एवं श्री हवौक अनुबरी दोनों के पिता स्व. विनोद बाबू अनुबरी) की सहमति पत्र, एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखंड सुश्री अनुग्रह अनुबरी पिता स्व. श्री विनोद बाबू अनुबरी के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर



**न्यायालय तहसीलदार कवर्धा, जिला- कबीरधाम**

**ईश्तहार**

न्या.कले.ई-कोर्ट नं. 202111080200027
अ- 21/21-2022
ग्राम- घुक्सा, तहसील कवर्धा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि धरम सिंह आ. जेठूराम निवासी घुक्सा तहसील कवर्धा द्वारा कलेक्टर महोदय कवर्धा के समक्ष आवेदन पेश किया है कि अपनी निजी भूमि स्थित ग्राम घुक्सा प.ह.नं. 18 तहसील कवर्धा के ख.नं. 41/3, 41/5 रकबा 0.364, 0.405 हे. भूमि को गैर आदिवासी भरत वर्मा आ. जगदीश वर्मा निवासी नाउडीह को विक्रय करने की अनुमति लेने हेतु अनुविभागीय अधिकारी कवर्धा के माध्यम से जांच हेतु प्राप्त हुआ है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो दिनांक 30/12/21 को प्रातः 10.30 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। उपरोक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/12/2021 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
कवर्धा



**न्यायालय नायब तहसीलदार सुहेला, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-6 वर्ष 21-22
साकिन ग्राम चण्डी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिक रेवाराम यदु पिता स्व. जेठूराम यदु जाति रावत निवासी चण्डी प.ह.नं. 387 रा.नि.मं. हिरमी तहसील सिमगा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत फौती नामांतरण हेतु आवेदन पेश किया गया है जिसमें ग्राम चण्डी प.ह.न. 38 स्थित भूमि खाता क्र. 114 खसरा नं. 65/1, 219, 406/3, 569/1, 569/3, 773 रकबा क्रमशः 0.332, 0.733, 0.106, 0.121, 0.049, 0.348 हे. कुल खसरा नं. 06 कुल रकबा 1.689 हे. लगान 2.32 रुपए जेठूराम पिता भुलउ के नाम पर भूमिस्वामी हक में राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार/आवेदक के पिता जेठूराम पिता भुलउ की मृत्यु 20/04/2021 को स्थान ग्राम चण्डी में हो चुकी है। उक्त भूमि पर स्व. जेठूराम पिता भुलउ का फौती दर्ज कर उक्त भूमि को स्व. जेठूराम के वैध वारिसान रेवाराम पिता जेठूराम, हेमीन, कुमारी पिता जेठूराम, बिसाहीन बेवा जेठूराम के नाम पर दर्ज किए जाने हेतु इस न्यायालय में बी-1, खसरा, मृत्यु प्रमाण पत्र नक्शा की नकल व तलवाना के साथ प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा पेश करना हो तो नियत तिथि दिनांक 29/12/2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14/12/2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 14/12/21, पेशी दि. 29/12/21

सील

नायब तहसीलदार
सुहेला



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.**
**-:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना ::-**
**तृतीय निविदा आमंत्रण**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों से निम्नांकित कार्य हेतु प्रपत्र ''ए'' में निविदा आमंत्रित की जाती है।

| निविदा क्रमांक | सिस्टम टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रु. लाख में |
|---|---|---|---|
| 20/17.12.2021 | 89066 | जिला प्रयोगशाला भवन निर्माण एवं अन्य कार्य | 22.70 |
| 21/17.12.2021 | 89069 | नवीन उपखण्ड भवन निर्माण एवं अन्य कार्य | 25.25 |

निविदा की सामान्य शर्तें अन्य जानकारी वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर दर्शित है। उक्त निविदा को दिनांक 17.12.2021 से देखी एवं 05.01.2022 से निविदा भरी जा सकती है।

जी-66034/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कांकेर
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. संभाग बलौदाबाजार (छ.ग.)**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक- 7637/NIT-13/2021-2022/व ले लि — दिनांक : 16/12/2021
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 27/12/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 30/12/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 31/12/2021 पूर्वान्ह 11.30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम/ NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु. में) |
|---|---|---|
| T0149 | परफारमेंस गारंटी अंतर्गत बलौदाबाजार संभाग के विभिन्न भवनों का रखरखाव कार्य। | 20.00<br>15000.00<br>300000.00 |
| T0186 | बिलाईगढ़ अनुविभाग अंतर्गत बिलाईगढ़ अस्पताल में आक्सीजन प्लांट के लिए शेड का निर्माण कार्य। | 4.36<br>4000.00<br>70000.00 |
| T0187 | कसडोल अनुविभाग अंतर्गत कसडोल अस्पताल में आक्सीजन प्लांट के लिए शेड का निर्माण कार्य। | 4.36<br>4000.00<br>70000.00 |
| T0188 | बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत शा.उ.मा.वि. बलौदाबाजार (चक्रपाणी) विकासखंड बलौदाबाजार के लिए 02 नग अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | 14.31<br>11000.00<br>225000.00 |
| T0189 | बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत मिनीमाता कन्या महाविद्यालय भवन में रंगाई पोताई एवं डिस्टेम्पेरिंग कार्य | 7.67<br>6000.00<br>125000.00 |
| T0190 | बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत जिला न्यायालय परिसर बलौदाबाजार में प्रशासनिक भवन के ऊपर 3 नग न्यायालय कक्ष एवं 1 नग सभाकक्ष में वाल पेनेलिंग का कार्य | 9.97<br>7500.00<br>150000.00 |
| T0191 | बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत एम.डी.व्ही. उत्कृष्ट स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन बलौदाबाजार के प्रथम तल पर रसायन प्रयोगशाला का निर्माण कार्य। | 18.69<br>15000.00<br>300000.00 |
| T0192 | बलौदाबाजार अनुविभाग अंतर्गत बलौदाबाजार में साहू समाज के सामाजिक भवन निर्माण कार्य | 18.35<br>15000.00<br>300000.00 |

**शर्त :-** 100/- रु. स्टाम्प निर्धारित शपथ पत्र नोटराइज्ड प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

"It mandatory for the C & D Class Bidder to submit the list of ongoing work/works in hand in the Annexure-A (enclosed). If the total value of ongoing work/works in hand is more than 2.5 times the capacity as specified for C & D class bidders, the bidder will be disqualified."

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-66011/4

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. संभाग
बलौदाबाजार (छ.ग.)


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

# युवाओं ने कहा जागरूक होकर लोकतंत्र में निभानी चाहिए सहभागिता

**मतदान के लिए बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों का जज्बा रहा प्रेरक**

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** जिले में नगरीय निकाय आम एवं उप निर्वाचन में महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों, युवाओं से सहित हर वर्ग के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक मतदान किया। सुबह से ही जनसामान्य कतार में मतदान केन्द्र में अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। नगर पालिक निगम राजनांदगांव उप निर्वाचन वार्ड क्रमांक 17 तुलसीपुर एवं नगर पालिका परिषद खैरागढ़ में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। निर्वाचन में जनसामान्य का रूझान विशेष रहा। राजनांदगांव वार्ड क्रमांक 17 तुलसीपुर का मतदान 67.72 प्रतिशत तथा खैरागढ़ नगर पालिका परिषद का मतदान 84.16 प्रतिशत रहा। जिसमें राजनांदगांव वार्ड क्रमांक 17 में कुल 3311 नागरिकों ने मतदान किया। जिसमें 1648 पुरूषों ने मतदान किया, जो 68.81 प्रतिशत रहा। वहीं 1663 महिलाओं ने मतदान किया, जिनका 66.68 प्रतिशत रहा। खैरागढ़ में वार्ड क्रमांक 1 से 20 में कुल 14 हजार 386 नागरिकों ने मतदान किया। जिसमें 7123 पुरूषों ने मतदान किया, जो 85.74 प्रतिशत रहा। वहीं 7263 महिला मतदाताओं ने मतदान किया, जिनका 82.67 प्रतिशत रहा। मतदान अधिकार के साथ एक जिम्मेदारी भी है, यह भावना अभिव्यक्त हुई बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों के जज्बे से।

बुजुर्ग एवं दिव्यांगजन को एनसीसी केडेट्स ने सेवाभावना के साथ व्हीलचेयर से मतदान केन्द्र तक पहुंचाया। जिला प्रशासन द्वारा मतदान केन्द्रों में जनसामान्य के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। विशेषकर बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर से मतदान केन्द्र तक पहुंचाया गया। मतदान केन्द्रों में लोग अपने नन्हे बच्चों को लेकर पहुंचे थी। जनसामान्य मतदान करने के बाद सेल्फी बूथ में सेल्फी भी ले रहे थे। खैरागढ़ के अमलीपारा मतदान केन्द्र में 82 वर्षीय बुजुर्ग लीला बाई पहुंची और उन्होंने मतदान किया। वहीं दिव्यांग महिला सुशीला रजक अपने बेटे के साथ मतदान करने आई थी।

78 वर्षीय बुजुर्ग यादव दंपत्ति तथा 80 वर्षीय अनुपमा बाई ने वार्ड क्रमांक 3 में मतदान किया। खैरागढ़ में 83 वर्षीय मंशा राम यादव ने मतदान केन्द्र क्रमांक 20 में मतदान किया। राजनांदगांव वार्ड नंबर 17 तुलसीपुर निवासी 63 वर्षीय रामप्रसाद पराते ने बताया कि होटल में कार्य करते हैं और अब मतदान करने के बाद खुशी महसूस कर रहे हैं।

विमला जैन एवं एकता जैन ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। एकता जैन ने कहा कि जीतने वाले प्रत्याशी, वार्ड का विकास करें। 25 वर्षीय युवा मतदाता ऐश्वर्या श्रीवास्तव ने बताया कि मैंने पहली बार पार्षद निर्वाचन के लिए मतदान किया है। पहली बार मतदान करना रोमांचक रहा है। सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए।

विशेषकर युवाओं का जागरूक होकर लोकतंत्र में सहभागिता निभानी चाहिए। 79 वर्षीय सरोज दुबे एवं 75 वर्षीय पीला बाई टंडन भी मतदान करने आई थी।

## स्ट्रांग रूम को किया गया सील

**राजनांदगांव/नव्रपदेश।** नगरीय निकाय उप निर्वाचन तुलसीपुर वार्ड क्रमांक 17 के लिए आज हुए मतदान के बाद मतपेटी को पटवारी प्रशिक्षण शाला भवन तहसील कार्यालय परिसर राजनांदगांव में बने स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखा गया।

नगरीय निकाय उप निर्वाचन के लिए मतपेटी हेतु स्ट्रांग रूम को सील करते समय सामान्य प्रेक्षक सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, संयुक्त कलेक्टर इंदिरा देहारी, प्रशिक्षु आईपीएस नगर पुलिस अधीक्षक गौरव राय, एसडीएम राजनांदगांव अरूण वर्मा, तहसीलदार प्रफुल्ल गुप्ता एवं सभी राजनीतिक दल के अभिकर्ता उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने बताया कि 23 दिसम्बर 2021 को मतगणना का कार्य सुबह 9 बजे से प्रारंभ किया जाएगा। इसके लिए सुरक्षा से संबंधित समस्त प्रबंध किए गए हैं।

## उपकेंद्र में मेंटनेंस, सुबह 10 से शाम 5 बजे तक रहेगी बिजली बुल

**बेमेतरा/साजा/**नवप्रदेश। विद्युत विभाग संभाग साजा के अंतर्गत आने वाले बेरला ब्लाक के नेवनारा उपकेंद्र में गुरुवार 23 दिसंबर को आवश्यक मेंटनेंस कार्य के लिए विद्युत अवरोध रहेगा। जिससे इस उपकेंद्र से जुड़े सभी फीडरों के समस्त ग्रामों में बिजली की सप्लाई सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी।

## हस्त पुस्तिका प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

**भाटापारा/नवप्रदेश।** बच्चों में हस्त कौशल विकास हेतु संकुल केंद्र बिजराडीह में हस्त पुस्तिका प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिजराडीह, पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुरखी एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय बोरसी के बच्चों ने भाग लिया। तीनों विद्यालय के दो-दो बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमे बिजराडीह से प्रीति एवं ईशा सुरखी से रोधनी एवं वैष्णव बोरसी से विभा एवं राधिका ने भाग लिया जिसमें कुमारी वैष्णव पूर्व माध्यमिक विद्यालय सुरखी ने प्रथम एवं कुमारी ईशा बंजारे पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिजराडीह ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में टेकसिंह ध्रुव पूर्व जिला पंचायत सभापति, जीतराम वर्मा प्रधानपाठक प्राथमिक शाला बिजराडीह एवं दर्शन ठाकुर व्याख्याता हाई स्कूल बिजराडीह थे। इसके आलावा हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य धीरेन्द सिसौदिया, राजेश शर्मा संकुल समन्वयक, महेश कुमार शर्मा प्रधान पाठक, शंकर ध्रुव, मोनिका भौमिक प्रभारी प्रधानपाठक बोरसी एवं चंद्रशेखर वर्मा सहायक शिक्षक सुरखी मौजूद रहे। इस अवसर पर टेकसिंह ध्रुव ने प्रतिभागी बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## 24 को महिलाओं के उत्पीड़न संबंधी प्रकरणों की सुनवाई

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक द्वारा 24 दिसम्बर को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजनांदगांव जिले से प्राप्त महिलाओं के उत्पीड़न संबंधित प्रकरणों की सुनवाई की जाएगी। सुनवाई में सभी पक्षकारों को निर्धारित समय में उपस्थित होने तथा कोरोना से बचाव के लिए प्रोटोकॉल का पालन करने कहा है।

## जयंती कार्यक्रम में शामिल हुई कविता

**भाटापारा/नवप्रदेश।** बोड़तरा में गुरु घासीदास जयंती मनाया गया जिसमें जिला पंचायत के सभापति कविता देवांगन शामिल हुई। इस दौरान भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

पंथी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई। सभापति ने सभी को बाबा के बताए हुए रास्ते पर चलने और उनके सिद्धांतों को आत्मसात करने को कहा साथ ही मनखे मनखे एक समान का संदेश को बताते हुए जात पात को मिटा कर एक मानव समाज का निर्माण करने को कहा, समस्त ग्रामवाशी इस अवसर पर शामिल हुए। अतिथि के रूप में इंजीनियर केके देवांगन, सरपंच प्रतिनिधी रवि आडिल, भाटापारा के पूर्व पार्षद कुंज राम कोशले, योगेश अनंत, प्रदीप अनंत, आशाराम अनंत, यशवंत, रोहित यदु, रमेश, अमर शक्ति, राकेश साहू, समाज के प्रमुख जन एवं समस्त ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दुनिया के सामने आएगी छग की सांस्कृतिक विरासत : ताम्रध्वज साहू

**उतई/नवप्रदेश।** ग्राम पाऊवारा में पूज्य बाबा गुरुघाशी की जयंती व लोककला महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य शालनी यादव, विशेष अतिथि कृषि सभापति योगिता चन्द्राकर, जनपद सदस्य राकेश हिरवानी, सामाज सेवी हर्ष साहू, समाज के अध्यक्ष नोहर बंजारे सहित ग्राम के प्रमुख जन उपस्थित थे। कार्यत्रक्रम की शुरूआत बाबा गुरुघासी दास की पूजा अर्चना कर किया गया। ततपश्चात सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार आयोजन समिति के द्वारा किया गया।

# मंत्री ने लिया नवीन मेला स्थल का जायजा, फोरलेन सड़क बनाने के निर्देश

**मेला स्थल का संपूर्ण डिजाइन और लेआउट का नक्शा तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश**

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण गृह, जेल, धर्मस्व और पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू राजिम माघी पुन्नी मेला की तैयारियों का जायजा लेने राजिम पहुंचे। उन्होंने चौबेबांधा मार्ग पर चिन्हांकित 54 एकड़ जमीन में इस वर्ष प्रस्तावित राजिम माघी पुन्नी मेला की तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही स्थाई संरचना और विकास के लिए किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण भी किया और महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जमीन का समतलीकरण और उसका लेबलिंग करना पहला कार्य है जिसे 1 सप्ताह के भीतर पूरा किया जाना चाहिए, जिसके लिए जेसीबी और ट्रैक्टर अतिरिक्त संख्या में लगाये ताकि कार्य को समय पूर्व पूर्ण किया जा सके। उन्होंने स्थल से नदी तक फोरलेन सड़क बनाने के निर्देश पीडब्ल्यूडी विभाग को दिए साथ ही साथ पाथवे बनाने के निर्देश दिए। मंत्री श्री साहू ने कहा कि इसके लिए किसी विशेषज्ञ आर्किटेक्ट से संपूर्ण मेला स्थल का डिजाइन और लेआउट तैयार करवाएं। उन्होंने कहा कि भविष्य को ध्यान में रखते हुए और पर्यटन, धर्म तथा मेला को दृष्टिगत रखते हुए स्थाई रूप से विकास कार्य किया जाना चाहिए। श्री साहू ने साधु संतों के लिए स्थाई आवास, मंच, शिल्प, महिला समूहों के लिए स्थाई दुकान और अलग-अलग अप्रोच रोड के लिए भी प्लान बनाने के निर्देश दिए। साथ ही पार्किंग और अन्य उद्देश्यों के लिए भी जगह आरक्षित करने कहा गया। मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि राजिम त्रिवेणी संगम में 12 माह पानी रहे इसलिए एनीकट का मरम्मत कर उसमें पानी रोका जाए। जल संसाधन विभाग को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर नए एनीकेट भी बनाए जा सकते हैं इसलिए उसका प्रस्ताव भी तैयार करें। नवीन मेला स्थल पर पानी की पर्याप्त व्यवस्था के लिए बोर खनन के निर्देश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को दिया गया। विद्युत व्यवस्था के लिए कार्यपालन अभियंता को ट्रांसफार्मर, जनरेटर और विद्युत सब स्टेशन निर्माण के निर्देश दिए। लक्ष्मण झूला की प्रगति की जानकारी लेते हुए उन्होंने 25 जनवरी तक लक्ष्मण झूला को तैयार करने और मेला के पूर्व प्रारंभ करने के निर्देश जल संसाधन विभाग को दिए गए। त्रिवेणी संगम के दोनों और तटों में पिचिंग के कार्य को भी प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। श्री साहू ने यह भी कहा कि आगामी 7 जनवरी को राजिम में होने वाले भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन भी इसी स्थल आयोजित करने की जानकारी मिली है। इससे तैयारियों की समीक्षा करने में मदद मिलेगी।

# 17 लाख का गबन करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव/नवप्रदेश।** थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव के अपराध क्रमांक 847/21 धारा 406, 408 भादंवि में प्रार्थी मोहम्मद रफ ीक अंसारी पिता मोहम्मद अमिन अंसारी उम्र 38 वर्ष साकिन मैनेजर जॉन डियर फ ईनांशियल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड क्रिस्टल टावर सेकंड जीई रोड तेलीबांधा रायपुर 492006 छत्तीसगढ़ थाना सिटी कोतवाली राजनांदगांव उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी आनंद सोनी पिता मुरारीलाल सोनी उम्र 30 वर्ष निवासी ब्लाक नंबर 9 मकान, नंबर-10 सड़क, नंबर सेक्टर 05 वार्ड नंबर 44 मिलाई 1 दुर्ग द्वारा श्री मोटर्स पर्रिनाला राजनांदगांव में ड्यूटी के दौरान कंपनी के ग्राहक जकराम साहू से 44,201 रूपये हेमंत कुमार वर्मा से 11,00,00 रूपये पुरानिक तारम से 64,000 रूपये दिलीप साहू से 87,000 रूपये धर्मराज चंद्राकर से 126000 रूपये, मन्नूलाल साहू से 40,000 रूपये, रवि कुमार नेताम से 39,500 रूपये, कलाम सिंह उसारे से 19500 रूपये, गुलशन पटेल से 10,4000 रूपये, भारत लाल कदमे से 70,000 रूपये, हिरदे पटेल से 80,100 रूपये, मुकेश कुमार से 76000 रूपये, जयंत कुमार साहू से 96,000 रूपये, सनत कुमार लोधी से 45,000 रूपये, निरंजन लाल गजेन्द्र से 54000 रूपये, मिलन राम साहू से 36300 रूपये, भूपेन्द्र साहू से 77000 रूपये, सोनउ राम से 117000 रूपये, खिलेश्वर कुमार साहू से 71,918 रूपये, श्याम सिंह तुलावी से 130000 रूपये, मंथिर लाल धनकर से 55000 रूपये, रविकांत साहू से 157200 रूपये कुल 22 ग्राहकों से 16,99,719 रूपये कंपनी से फाइनेंस हुए ट्रेक्टर व अन्य कृषि उपकरणों का पैसा किश्त जमा करने के नाम पर ग्राहकों से लेकर कंपनी में नहीं जमा कर कंपनी की अमानत में खयानत किया है। दौरान विवेचना आरोपी के भिलाई जिला दुर्ग में होने की मुखबिर सूचना पर पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रज्ञा मेश्राम एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव राय के मार्गदर्शन में निरीक्षक अलेक्जेणडर किरो थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में पुलिस टीम रवाना की गई थी। उपरोक्त आरोपी का भिलाई जिला दुर्ग में तलाश किया गया। आरोपी द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर विधिवत थाना सिटी कोतवाली जिला राजनांदगांव लाकर कार्रवाई की गई है। आरोपी आनंद सोनी को विधिवत गिरफ्तार कर सूचना परिजनों को दी गयी है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया है। आरोपी की तलाश में थाना कोतवाली में पदस्थ उप निरीक्षक आलोक साहू, आरक्षक प्रख्यात जैन की भूमिका सराहनीय सराहनीय रही है।

# जनचौपाल में कलेक्टर ने सुनी लोगों की फरियाद

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** कलेक्टर विलास भोसकर संदीपान ने आज मंगलवार को आम जनता से साप्ताहिक भेंट मुलाकात के कार्यक्रम जनचौपाल के दौरान आम नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। संयुक्त जिला कार्यालय मे आयोजित साप्ताहिक जनचौपाल के दौरान बेमेतरा जिले के विभिन्न गांवों से पहुंचे आम नागरिकों ने विभिन्न विभागों से संबंधित 28 आवेदन प्रस्तुत किये। वार्ड नं. 03 बेमेतरा निवासी बैसाखू साहू ने निराश्रित पेंशन दिलाने, ग्राम लालपुर निवासी मीना बाई पाल ने परिवार सहायता राशि दिलाने, सत्यनारायण डोन्डे ने पशुपरिचारक के 5 माह के मानदेय का भुगतान करने, ग्राम उघरा निवासी केनेश्वरी निषाद ने प्रधानमंत्री आवस दिलाने, ग्राम मरका के गजेन्द्र कुमार लालाराम, झूलाराम ने सहायक अभियंता द्वारा नजर अंदाज कर विद्युत ट्रांसफार्मर देने के नाम पर गुमराह करने का आवेदन दिया, ग्राम चंदनु निवासी मालिकराम पाल ने फसल क्षतिपूर्ति राशि दिलाने, ग्राम सेमरिया निवासी मुनेश जायसवाल ने फसल बीमा राशि दिलाने हेतु आवेदन दिया। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, आम रास्ता खुलवाने, दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया।

## सहयोग फाउंडेशन ने रेल्वे स्टेशन पर बांटे ऊनी कपड़े

**भाटापारा/नवप्रदेश।** नगर में इन दिनों तेज शीतलहर का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे ठंड लगने से बीमार पड़ने की आशंका से लोग दिनभर गरम कपड़े पहनने के लिए मजबूर हो रहे। शीतलहर से सबसे अधिक मुसीबतों का सामना सड़क किनारे रहने वाले असहाय लोगों को हो रही है। ठंड के कारण वृद्ध और शारीरिक रूप से कमजोर तथा बच्चों को काफी परेशानी हो रही है।

सहयोग फाउंडेशन के तत्वाधान में सोमवार को रेलवे स्टेशन एवं ओवरब्रिज के सामने असहाय लोगों को 300 से अधिक की संख्या में कम्बल, साड़ी, शर्ट आदि गरम कपड़ों का वितरण किया गया। जरुरतमंदों और बेसहारों को कड़ाके की ठंड से राहत दिलाने का बीड़ा कुछ नवयुवकों के द्वारा उठाया गया। कड़कड़ाती ठंड के बीच गरम कपड़े पाकर जरुरतमंदों ने काफी राहत महसूस की। इस अवसर पर मुख्य रूप से लोकेश साहू, किशन पड़वार, संदीप सरकार, आलोक गुप्ता, गनेश्वर साहू, प्रदीप साहू, प्रवीण साहू, विकास साहू, वरुण साहू , मधु साहू, तुषार अग्रवाल, निकिता साहू आदि लोग उपस्थित थे।

# शीतलहर को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट, बताए बचाव के उपाय

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बेमेतरा ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकारण एवं भारत मौसम विज्ञान केन्द्र द्वारा अलर्ट जारी किया गया है कि माह दिसम्बर से जनवरी के बीच ठंड की व्यापकता और तीक्ष्णता शीतलहर का रूप ले लेती है। इस वर्ष भी दिसम्बर माह से ठंड प्रारंभ हो गई है। कलेक्टर ने नगरीय निकाय के मुख्यनगर पालिका अधिकारियों को रात मे चौक चौराहे पर अलाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रो में निःसहाय, आवासहीन, गरीब, बृद्ध एवं स्कूल जाने वाले विद्यार्थी इत्यादि के ठंड से प्रभावित होने की संभावाना है जिस संबंध मे बचाव हेतू ''क्या करे या क्या ना करे'' का दिशा-निर्देश जारी किया गया है। जिसमें जितना संभव हो घर के अंदर रहे अति आवश्यक कार्य हाने पर ही घर से बाहर जावे। मौसम संबंधित समाचार व आपातकाल के संबंध में जारी समाचारो को ध्यान से सुने। बृद्ध

एवं बच्चो का ध्यान रखे तथा उन्हे अकेला न छोड़ें। यह भी सुनिश्चित करे, कि पावर सप्लाई आपातकाल में भी रहे। ऐसे आवास का उपयोग करे जहां तापमान सही रहता हो, आवश्यकतानुसार गर्म पानी पीते रहे। बिजली का प्रवाह अवरूद्ध होने की स्थिति में फ्रीज में खाने के सामान को 48 घंटे से ज्यादा न रखे। शीतलहर से बचाव हेतू (टोपी या मफलर) का भी उपयोग किया जा सकता है तथा सिर व कान ढककर रखे। यदि कैरोसिन या कोल के हिटर का उपयोग करते हो तो गैस व धुए निकलने के लिए रोशनदान की व्यवस्था रखे। स्वास्थ्यवर्धक भोजन, गर्म व ताजा भोजन का ही सेवन करे। यदि सर्दी से संबंधित कोई प्रभाव शरीर पर दिखाई दे- जैसे नाक, कान, पैर-हाथ की उंगलिया आदि लाल होतो तत्काल अपने नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य संस्थान में संपर्क करे। असामान्य तापमान की स्थिति, अत्यधिक कांपना, सुस्ती, कमजोरी, सांस लेने में आदि में परेशानी हो तो तत्काल अपने नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य संस्थान में संपर्क करे।

## साजा सरपंच संघ अध्यक्ष जलेश्वर सिंह निर्विरोध नियुक्त

**साजा/नवप्रदेश।** जनपद पंचायत साजा में सरपंच संघ का आवश्यक बैठक 20 दिसंबर को रखा गया। जिसमें सर्वसम्मति से नया सरपंच संघ का गठन निर्विरोध किया गया। ज्ञात हो कि 14 दिसंबर को सरपंच संघ साजा के द्वारा आवश्यक बैठक रखा गया था, जिसमें सरपंचों के द्वारा वर्तमान सरपंच संघ को भंग कर पुनः सरपंच संघ की गठन करने का निर्णय लिया गया था जिसके चलते नया सरपंच संघ का निर्विरोध चुनाव कर

कार्यकरिणी की घोषणा किया गया। उक्त आयोजित बैठक में सर्व सम्मति से ग्राम पंचायत कोपेडबरी के सरपंच जलेश्वर सिंह राजपूत को सरपंच संघ का अध्यक्ष चुना गया, वहीं उपाध्यक्ष ग्राम पंचायत ठेलका सरपंच सविता महेंद्र साहू, दुलारी चिंता वर्मा चेचानमेटा को बनाया गया। वहीं कार्यकारणी में कोषाध्यक्ष ईश्वर वर्मा सरपंच बीजागोंड, सचिव अनुपा मदन लाल पटेल डगनिया, ओम बाई रज्जू पटेल करमु , जीवेश जंघेल खैरी, सतरूपा घनश्याम वर्मा संबलपुर, सहसचिव दौलत राजपूत कोहकाबोड, हेमलता लाला सिन्हा केहका, मीडिया प्रभारी ज्वाला राजेश साहू उमरावनगर, वीरेंद्र राजपूत बुधवारा, प्रवक्ता कुमेश्वर यदु, संरक्षक आगर डोमार दास, विनोद पटेल, धनसाय वर्मा, रीता प्रमोद मिश्रा, ठाकुर प्रसाद साहू, जेठूराम साहू, रामजी साहू, शिव कुमार साहू, लाला राम वर्मा को सर्व सम्मति से चुना गया। सरपंच संघ का गठन होने पर सभी सरपंच ने हर्ष व्यक्त किया हैं।

## गुरु घासीदास का प्रेम, मानवता का संदेश और शिक्षा आज भी प्रासंगिक है : योगेश

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खुड़मुड़ा में गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में किसान नेता योगेश तिवारी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। किसान नेता ने गुरु गद्दी व जैतखाम की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के खुशहाली की कामना की। इस दौरान समाज के लोगों को सम्बोधित करते हुए किसान नेता ने कहा कि 18 दिसंबर 1756 को गुरु घासीदास का जन्म ऐसे समय हुआ जब समाज में ऊंच-नीच, छुआछूत, झूठ और कपट का बोलबाला था। गुरु घासीदास ने समाज को सात्विक जीवन जीने की प्रेरणा दी। उनकी सत्य के प्रति अटूट आस्था थी, उसी कारण उन्होंने बचपन में कई चमत्कार दिखाए, जिसका लोगों पर काफी प्रभाव पडा, घासीदास ने जहां समाज में एकता बढाने का कार्य किया, वहीं भाईचारे और समरसता का संदेश भी दिया। उन्होंने न सिर्फ सत्य की आराधना की, बल्कि समाज में नई जागृति पैदा करने का श्रेय भी उन्हें ही जाता हैं।अपनी तपस्या से प्राप्त ज्ञान और शक्ति का उपयोग उन्होंने मानवता के सेवा कार्य के लिए किया। उनके इस व्यवहार और प्रभाव के चलते लाखों लोग उनके अनुयायी बन गए और इस तरह छत्तीसगढ़ में सतनाम पंथ' की स्थापना हुई। समाज के लोगों को उनके द्वारा दिया गया प्रेम, मानवता का संदेश और उनकी शिक्षा आज भी प्रासंगिक है। उनके भक्त मानते हैं कि गुरु घासीदास द्वारा बताया गया रास्ता अपना कर ही अपने जीवन तथा परिवार की उन्नति हो सकती है। इस दौरान पोषण वर्मा, महेंद्र जांगड़े, चेतन, बबला, सोनू कुर्रे, विनोद कुमार निषाद, त्रिलोचन दिवाकर, भोला शंकर वर्मा, रामखेलावन कुर्रे, विजय चंद्राकर, विनोद निषाद, छाया चंद्राकर, राकेश जय युवा नवयुवक सतनाम समिति के समस्त सदस्य आदि उपस्थित थे।

# देशी कट्टा, पिस्टल से लैस डकैतों की डकैती डालने की योजना फेल

## यूपी के 2 युवकों को पुलिस ने पकड़ा, 3 फरार, कपड़े बेचने के बहाने करते थे घरों की रैकी, फिर चोरी व डकैती की वारदात को देते थे अंजाम

**रायगढ़/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के खरसिया में डकैती डालने की योजना बनाने वालों के मंसूबे पर पुलिस ने पानी फेर दिया है। खरसिया पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं गिरोह के तीन आरोपी फरार है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से पुलिस ने देशी कट्टा, पिस्टल समेत डकैती में इस्तेमाल किया जाने वाला सामान बरामद किया है। खरसिया पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में भी जुट गई है। रायगढ़ एसपी अभिषेक मीणा ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेस में बताया कि 19 दिसंबर की रात खरसिया टीआई सुमंत साहू रात्रि गश्त पर निकले थे। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि महका रोड में स्थित बीएसएनएल टॉवर के पास पांच व्यक्ति छुप कर बैठे हैं तथा गोविंद कॉलोनी में डकैती डालने की बात कर रहे हैं जिनके पास बंदूक भी है। इस पर टीआई ने उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए उनके दिशा निर्देशन एवं मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी खरसिया द्वारा चौकी एवं थाने के स्टॉफ को आरोपियों की घेराबंदी करने ब्रीफ किया गया। इसके बाद पुलिस द्वारा क्षेत्र की घेराबंदी किया। जहां डकैती की तैयारी करते हुए 5 व्यक्ति बैठे हुए थे पुलिस को देखकर अंधेरे का फ ायदा उठाकर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा भागते हुए एक आरोपी को पकड़ा गया। जबकि चार आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। पकड़े गए व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम सोहेल खान उर्फ सोहेल उर्फ छोटू उर्फ राजा पिता शमशेर खान 29 साल निवासी मनियावाला थाना अफजलगढ़ जिला बिजनौर यूपी हाल पता महलपारा वार्ड नंबर 2 सरायपाली थाना सरायपाली जिला महासमुंद हाल मुकाम ग्राम छपरा थाना मालखरौदा जिला जांजगीर-चांपा का होना बताया तथा मौके से भाग निकले अपने साथियों का नाम विजय प्रजापति निवासी बिजनौर (यूपी), मोहम्मद फिरोज पिता हुसैन, सोनू पिता रहमुद्दीन, सलमान पिता मो. युनुस तीनों निवासी छपरा का होना बताया। मौके पर आरोपी सोहेल खान की तलाशी ली गई तो आरोपी के पास से एक देशी कट्टा व 06 कारतूस एवं डकैती की योजना बना हुआ नक्शा मिला। घटनास्थल पर पुलिस टीम को दो बैग मिला। एक बैग के अंदर कपड़े (जींस, जैकेट, शॉल), विजय नाम का आधारकार्ड, औजार (प्लग, पाना, पलास), बटन चाकू, रेल्वे टिकट, गमछा 3 नग तथा दूसरे बैग में कपडों के अलावा एक लाइट पिस्टल (मेड इन चाइना लिखा हुआ), एक मोबाइल, पलास, रस्सी मिला।

### राजनांदगांव से एक आरोपी गिरफ्तार

इस घटना के फरार आरोपियों की जानकारी रायगढ़ एसपी ने रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव एवं जीआरपी को सूचित कर खरसिया, छाल, भूपदेवपुर थाने के विवेचकों की अलग-अलग टीमें बनाकर आरोपियों की पतासाजी के लिए विभिन्न ट्रेन रूट एवं बस रूट पर रवाना किया गया। साथ ही साइबर सेल को विभिन्न मोबाइल टावर के एनालिसिस, सीसीटीवी फुटेज चेक में लगाया था। इसी दौरान पुलिस की एक टीम द्वारा फ रार आरोपी विजय प्रजापति को आरपीएफ राजनांदगांव के सहयोग से पकड़कर पुलिस टीम द्वारा रायगढ़ गिरफ्तार कर लाया गया। आरोपी से एक देशी कट्टा, 06 कारतूस, 02 मोबाइल, एक बाइक की जब्त की गई है।

### कपड़े बेचने के बहाने रैकी

आरोपी सोहेल खान ने पुलिस को बताया कि जांजगीर मालखरौदा के छपरा गांव में किराया में रहकर डभरा से खरसिया तक घूम-घूम कर फेरी के बहाने घरों की रैकी करता था तथा घर को चिन्हित कर उसका नक्शा बनाता और उत्तर प्रदेश से अपने साथी विजय प्रजापति, फिरोज, सोनू, सलमान को चोरी/डकैती के लिए बुलाकर सभी घटना को अंजाम देते थे।

### जांजगीर के एक सूने मकान में की चोरी

पूछताछ के दौरान आरोपी सोहेल ने पुलिस को बताया कि 14-15 दिसंबर की दरमियानी रात में डभरा कस्बा के एक सूने मकान में जेवर व नकदी रकम की चोरी की वारदात को इस गैंग ने अंजाम दिया। इसके बाद खरसिया के गोविंद कॉलोनी में एक मकान में घुसकर लोगों को कट्टा का भय दिखाकर उसके हाथ पर रस्सी से बांधकर डकैती डालने की योजना बनाकर बीएसएनएल टावर के पास इकट्ठा हुए थे। आरोपी द्वारा बीएसएनएल टावर के आगे निर्माणाधीन रेलवे ट्रैक किनारे अपनी एक बाइक को छिपा कर रखा था। जिसमें डकैती के बाद भागने की प्लानिंग थी। वहीं इसके बाद सभी गोड़वाना एक्सप्रेस से दूसरे प्रदेश भागने की तैयारी में थे।

# छत्तीसगढ़ में कोरोना टीकाकरण का आंकड़ा तीन करोड़ के पार

**95 प्रतिशत लोगों को लग चुकी पहली डोज**

■ 58 प्रतिशत नागरिकों को दोनों टीके लगाए जा चुके

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में कोरोना टीकाकरण का आंकड़ा तीन करोड़ को पार कर गया है। कोरोना वैक्सीन की पहली और दूसरी खुराक को मिलाकर यहां अब तक (20 दिसम्बर तक) तीन करोड़ एक हजार 122 टीके लगाए गए हैं। प्रदेश में एक करोड़ 86 लाख 40 हजार 909 लोगों को कोरोना से बचाव का पहला टीका लगाया जा चुका है। पहले डोज के शत-प्रतिशत कवरेज से प्रदेश अब केवल पांच प्रतिशत दूर है। प्रदेश में कोरोना टीकाकरण के लिए पात्र लोगों की संख्या एक करोड़ 96 लाख 51 हजार है। राज्य के 58 प्रतिशत नागरिकों को कोरोना से बचाव के लिए दोनों टीके लगाए जा चुके हैं। यहां एक करोड़ 13 लाख 60 हजार 213 लोगों को इसके दोनों टीके लग चुके हैं। कोरोना टीकाकरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य जल्द हासिल करने के लिए प्रदेश भर में तेजी से टीकाकरण किया जा रहा है। राज्य में विगत 1 दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदी की शुरूआत के बाद खरीदी केंद्रों में भी कोरोनारोधी टीका लगाया जा रहा है।

**5 जिलों में एक भी मरीज नहीं :** प्रदेश के 21 जिलों में 20 दिसम्बर को कोरोना का कोई नया मामला नहीं आया है। इस दिन प्रदेश भर में हुए 19 हजार 762 सैंपलों की जांच में 13 व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए। अभी प्रदेश की औसत पॉजिटिविटी दर 0.07 प्रतिशत है। राज्य के पांच जिलों बेमेतरा, महासमुंद, जशपुर, कोंडागांव और नारायणपुर में अभी कोरोना का एक भी सक्रिय मरीज नहीं है।

### यहां नया मामला नहीं आया सामने

बेमेतरा, बालोद, कबीरधाम, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर-चांपा, मुंगेली, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सरगुजा, कोरिया, सूरजपुर, बलरामपुर-रामानुजगंज, जशपुर, बस्तर, कोंडागांव, सुकमा, कांकेर और नारायणपुर जिले में 20 दिसम्बर को कोरोना संक्रमण का एक भी मामला नहीं आया है। इस दिन दुर्ग और रायपुर जिले में तीन-तीन, राजनांदगांव और बिलासपुर में दो-दो तथा बलौदाबाजार-भाटापारा, दंतेवाड़ा और बीजापुर में एक-एक व्यक्ति कोरोना संक्रमित पाए गए। प्रदेश में कोरोना मरीजों के तेजी से स्वस्थ होने के कारण इसके सक्रिय मरीजों की संख्या में लगातार गिरावट आ रही है। यहां अब सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 304 हो गई है।

# सीजी में लोक कला को मिलेगा मंच, 12 से 14 जनवरी तक युवा महोत्सव

**रायपुर/नवप्रदेश।** राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन 12 से 14 जनवरी 2022 तक साइंस कॉलेज मैदान रायपुर में किया जाएगा। इस बार राष्ट्रीय युवा महोत्सव में लोक कला प्रदर्शनी, हस्तशिल्प प्रदर्शनी के साथ ही लोक साहित्य संगोष्ठी का भी आयोजन किया जाएगा। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने मंगलवार को वीसी के जरिए आयोजन के संबंध में की जा रही तैयारियों की जानकारी ली। सीएस जैन ने युवा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए स्थानीय स्तर पर रायपुर जिले के कलेक्टर, एसपी और आयुक्त नगर निगम के नेतृत्व में स्थानीय समिति बनाने के निर्देश दिए है। उन्होंने महोत्सव के आयोजन से संबंधित जिम्मेदारी विभिन्न विभागों को दी है। आयोजन स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण का कार्य गृह विभाग को सौपा गया है। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा मुख्य मंच का निर्माण किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग दर्शक दीर्घा और डोम निर्माण का कार्य देखेगा। प्रतिभागियों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने की जिम्मेदारी परिवहन विभाग को दी गई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और नगर निगम आयोजन स्थल पर पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। युवा महोत्सव में भाग लेने आ रहे प्रतिभागियों के आवास एवं भोजन की व्यवस्था खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा की जाएगी। प्रतिभागियों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए आवास स्थल सहित कार्यक्रम के आयोजन स्थल पर जीवन रक्षक दवाईयों के साथ चिकित्सकों की टीम उपलब्ध रहेगी।

### निगम को महत्वपूर्ण कार्य सौंपे गए

राष्ट्रीय युवा महोत्सव के उद्घाटन एवं समापन कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार करने और उसका अनुमोदन कराने के निर्देश दिए है। आयोजन स्थल में साफ-सफाई का काम नगर निगम द्वारा किया जाएगा। आयोजन स्थल पर सुचारू विद्युत व्यवस्था का दायित्व ऊर्जा विभाग को सौपा गया है। बैठक में अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, सचिव लोक निर्माण सिद्धार्थ कोमल परदेशी, सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग एनएन एक्का, सचिव पर्यटन अन्बलगन पी., सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी धनंजय देवांगन, सचिव वाणिज्य एवं उद्योग विभाग आशीष कुमार भट्ट, संचालक स्वास्थ्य सेवाएं नीरज बनसोड, रायपुर कलेक्टर सौरभ कुमार, रायपुर पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल, आयुक्त नगर निगम प्रभात मलिक उपस्थित थे।

### मांड नदी में नग्न अवस्था में मिली युवती की लाश

**रायगढ़/नवप्रदेश।** रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में रैरुमा चौकी क्षेत्र के ग्राम ससकोबा गनपतपुर मांड नदी में युवती की नग्न अवस्था में लाश मिली है। लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी सी फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी स्टाफ के साथ घटनास्थल में पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतिका की पहचान कमला सारथी ग्राम ससकोबा बाजारपारा निवासी जिसकी उम्र लगभग 24-25 वर्ष के रूप में हुई है। रैरूमा पुलिस घटना के संबंध में परिजनों से पूछताछ की तो पता चला कि मृतिका 13 दिसंबर से घर से गायब थी और मंगलवार को उसकी लाश ससकोबा गनपतपुर मांड नदी में नग्न अवस्था में लाश मिली है। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट के बाद ही पता चल सकेगा कि मौत किस कारण हुआ है। वहीं परिजन किसी बड़ी अनहोनी की आशंका जता रहे। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

### सहयोग नहीं करने पर च्वॉइस सेन्टरों के लाइसेंस होंगे निरस्त

**बलौदाबाजार।** कलेक्टर सुनील जैन ने बताया कि आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 24-25 दिसम्बर को शहरी क्षेत्रों और 27-28 दिसम्बर को ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष शिविर लगाये जाएंगे। आयुष्मान कार्ड से चिन्हित बीमारी का इलाज अधिकृत अस्पतालों में निःशुल्क किया जाता है। च्वॉइस सेन्टरों के जरिए शिविर में इसका निर्माण किया जाएगा। कलेक्टर ने इस कार्य में शिथिलता बरतने वाले च्वाईस सेन्टर संचालकों के लाईसेंस निरस्त करने की चेतावनी भी दी है। फिलहाल जिले में केवल 57 प्रतिशत लोगों के ही आयुष्मान कार्ड बन पाये हैं।

# छग के बारे में लिखिए हिंदी, अंग्रेजी व छत्तीसगढ़ी में निबंध, मिलेगा पुरस्कार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के नालंदा परिसर प्रबंधन सोसायटी द्वारा नालंदा परिसर एवं सेन्ट्रल लाइब्रेरी के सदस्यों के लिए 'छत्तीसगढ़ मॉडल और उसका मेरे जीवन में प्रभाव' विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई है। यह प्रतियोगिता हिन्दी, छत्तीसगढ़ी और अंग्रेजी भाषा (बोली) में होगी, जिसमें अधिकतम 750 शब्द में निबंध लिखना होगा। इच्छुक सदस्य प्रतियोगता के लिए निबंध बंद लिफाफा में लाइब्रेरियन नालंदा परिसर, सेन्ट्रल लाइब्रेरी के पास में निर्धारित तिथि 27 दिसम्बर को शाम 5.30 बजे तक जमा कर सकते हैं। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 3100 रूपए, द्वितीय पुरस्कार 2100 रूपए और तृतीय पुरस्कार 1100 रूपए का प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा चतुर्थ एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वालों को 551-551 रूपए का सांत्वाना पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। नालंदा परिसार एवं सेन्ट्रल लाइब्रेरी के प्रथम 35-35 प्रतिभागियों को प्रशस्ति प्रत्र प्रदान किए जाएंगे। पुरस्कार वितरण 7 जनवरी 2022 को दोपहर 2.30 बजे सेन्ट्रल लाइब्रेरी हॉल रायपुर में किया जाएगा। नालंदा परिसर प्रबंधन सोसायटी रायपुर के नोडल अधिकारी ने नियम और शर्तो की जानकारी देते हुए बताया कि निबंध प्रतियोगिता में नालंदा परिसार और सेन्ट्रल लाइब्रेरी रायपुर के वर्तमान सदस्य ही भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में सिर्फ 'हस्त लिखित' निबंध ही मान्य होंगे। कम्प्यूटर से टाईप निबंध को शामिल नहीं किया जाएगा। निबंध के अंत में अपना नाम, लाइब्रेरी का आईडी क्रमांक और मोबाइल नंबर अनिवार्य रूप से लिखना होगा।

# सांसद ने लोकसभा में उठाया बस्तर हवाई सेवा का विस्तार एवं नाइट लेंडिंग का मामला

**किरन्दुल/जगदलपुर।** लोकसभा में बस्तर सांसद दीपक बैज ने फिर एक बार नियम 377 के तहत बस्तर के हवाई सेवा को लेकर मांग की। सांसद ने कहा की बस्तर जैसे क्षेत्र से अन्य पड़ोसी राज्यों एवं बड़े शहरों से जोड़ने की आवश्यकता है जिससे बस्तर को उक्त शहरों से कनेक्टिविटी मिल सके। संसद में लोकसभा अध्यक्ष को ध्यान आकर्षित करते हुए कहा की जगदलपुर एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग की व्यवस्था नहीं होने के कारण रात में कोई भी फ्लाइट या हेलीकॉप्टर उड़ नहीं सकता इस हेतु जगदलपुर एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी चाहिए। उक्त मांगों को बस्तर सांसद दीपक बैज द्वारा नियम 377 के तहत लोकसभा में उठाते हुए केंद्रीय उड्डयन मंत्री के समक्ष रखा गया। ज्ञात हो कि इस से पूर्व में भी सांसद दीपक बैज द्वारा वर्तमान में चल रहे हवाई सेवा को लेकर भी पिछले समय लोकसभा में आवाज बुलंद की थी जिसकी वजह से आज हवाई यात्रा चालू है आगे भी इस तरह से बस्तर से होते हुए अन्य नए शहरों तक कनेक्टिविटी मिल सके इसके लिए लगातार प्रयासरत है।

# पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह करेंगे महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए निशुल्क बस सेवा का शुभारंभ 24 को

**कवर्धा/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह 24 दिसंबर को रणवीरपुर में पहुंचेंगे। कार्यक्रम के अनुसार वे बाजार चौक, रणवीरपुर बस स्टैंड में जिला पंचायत कबीरधाम की सभापति और महिला मोर्चा भाजपा छत्तीसगढ़ की प्रदेश मंत्री भावना बोहरा द्वारा संचालित कबीरधाम जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 की महाविद्यालयीन छात्राओं के लिए शुरू की जा रही निःशुल्क बस सेवा का शुभारम्भ करेंगे। भावना बोहरा द्वारा क्षेत्र क्रमांक 12 में निवासरत महाविद्यालय की छात्राओं हेतु शुरू की जा रही यह बस सेवा पूरी तरह निःशुल्क है जिसके लिए छात्राओं को अपना पंजीयन कराना होगा। रणवीरपुर बस स्टैंड के पास बाजार चौक में दोहपर 12 बजे से आयोजित कार्यक्रम में जिले सहित प्रदेश के बड़े-बड़े नेता इसमें शिरकत करेंगे। इसके साथ ही क्षेत्रवासियों के मनोरंजन हेतु लोकरंग अर्जुन्दा के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुती भी दी जाएगी। क्षेत्र में बहुत से ऐसे सुदूर गांव हैं जहां से छात्राओं को महाविद्यालय आने-जाने में आवागमन की पर्याप्त सुविधा प्राप्त नहीं हो पा रही थी उनकी समस्याओं को देखते हुए भावना बोहरा द्वारा उन्हें शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करते हुए उनके सुगम एवं सुरक्षित आवागमन हेतु इस निःशुल्क बस सेवा का प्रारंभ किया जा रहा है। इस बस सेवा की शुरुआत होने से क्षेत्र की सैकड़ों छात्राओं को इसका लाभ मिलेगा। इसके साथ ही कक्षा 12वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को डॉ रमन सिंह के हाथों से प्रतिभा सम्मान से सम्मानित भी किया जाएगा। विदित हो कि भावना बोहरा द्वारा लगातार क्षेत्र में जनता की सुविधा एवं क्षेत्र के विकास हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उनके द्वारा विगत वर्षों में निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा से लेकर, कोरोना योद्धा सम्मान, अरोग्यम निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, के साथ-साथ महिलाओं, बुजुर्गों, छात्राओं व सभी वर्ग के लिए लगातार विभिन्न जनहितैषी कार्य किया जा रहा है।